दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 95
कोटद्वार रविवार
30 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## मणिपुर में आदिवासियों ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से किया संपर्क

### राष्ट्रपति शासन की मांग

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में आदिवासियों के समूह इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया को पत्र लिखकर हिंसा प्रभावित राज्य में अलग प्रशासन और राष्ट्रपति शासन लागू करने की उनकी मांग पर उसका समर्थन मांगा। राज्य में बहुसंख्यक मैतई और आदिवासियों के बीच तीन मई से जातीय संघर्ष चल रहा है जिसमें डेढ़ सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

मणिपुर की आबादी में मैतई समुदाय की हिस्सेदारी करीब 53 फीसदी है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नगा और कुकी शामिल हैं, 40 फीसदी हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं। आईटीएलएफ ने कहा, 'हम भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) से अपील करते हैं कि वह हमारे मुद्दे को उठाए और हमारी दुर्दशा के बारे में राष्ट्र को अवगत कराए।'

उसने विपक्षी दलों को लिखे दो पन्नों के अपने पत्र में कहा, 'हम आपसे अनुरोध करते हैं कि मणिपुर से अलग प्रशासन की हमारी मांग का समर्थन करते हुए इस हमले से बचने में हमारी मदद करें और केंद्र सरकार से मणिपुर में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाने का आग्रह करें ताकि हिंसा समाप्त हो सके।' इस संगठन के प्रमुख पागिन हाओकिप और सचिव मुआन तोम्बिंग द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया है कि सांप्रदायिक संघर्ष के लगभग तीन महीने बाद भी पूवोत्तर राज्य में शांति एक दूर का सपना है।

इसमें दावा किया गया है, 'हिंसा से जहां सभी पक्ष प्रभावित हुए हैं, वहीं अल्पसंख्यक कुकी



संघर्ष में हुई मौतों में से दो-तिहाई से अधिक हैं।' आईटीएलएफ ने आरोप लगाया कि राजधानी इंफाल में सरकारी शस्त्रागार से लूटे गए हजारों हथियारों का इस्तेमाल 'जातीय सफाए के अभियान' में किया जा रहा है।'

उन्होंने कहा, 'राज्य पुलिस के कमांडो अत्याधुनिक बंदूकों और मोर्टार के साथ खुले तौर पर सशस्त्र मैतई बंदूकधारियों के साथ आदिवासी गांवों पर छापा मारने और अग्रिम मोर्चे पर हमला करने में शामिल हो रहे हैं... सैन्य बफर जोन में कमियों का लगातार फायदा उठाया जा रहा है और सेना तथा अन्य सुरक्षा बल अक्षम हैं क्योंकि राष्ट्रपति शासन अब भी लागू नहीं किया गया है।'

इसमें कहा गया है कि राज्य के सबसे बड़े जिले चुराचांदपुर की पहाड़ियों की ओर जाने वाले एकमात्र राष्ट्रीय राजमार्ग के अवरुद्ध होने का मतलब यह भी है कि लाखों आदिवासी आवश्यक वस्तुओं और दवाओं की कमी का सामना कर रहे हैं। जो उपलब्ध हैं, उन्हें मिजोरम से पहाड़ी सड़कों के माध्यम से लाया जाता है, जिससे सामानों की कीमतों में भारी वृद्धि होती है। आईटीएलएफ ने कहा कि तीन मई को हिंसा शुरू होने के बाद से उसने 119 लोगों की मौत की पुष्टि की है जिनमें से अधिकतर निर्दोष नागरिक हैं और 7,000 से अधिक घर जला दिए गए, 359 चर्च नष्ट कर दिए गए और 40,000 से अधिक आदिवासी विस्थापित हो गए।

कुकी समुदाय की आबादी वाले इलाकों के लिए 'अलग प्रशासन' की मांग के विरोध में शनिवार को यहां एक विशाल रैली निकाली गई। राज्य के पांच घाटी जिलों से हजारों प्रदर्शनकारियों ने रैली में भाग लिया, पूवोत्तर राज्य की क्षेत्रीय अखंडता की मांग की, जहां मई की शुरुआत में जातीय दंगे शुरू हुए थे।

## बारिश से 31 मोटरमार्ग बंद रहे

**पौड़ी** : बारिश से शनिवार को जिले के 31 मार्ग बंद रहे। जिनमें 4 राज्यमार्ग, 1 मुख्य जिला मार्ग व 26 ग्रामीण मोटरमार्ग शामिल रहे। जेसीबी की मदद से बंद मोटरमार्गों को खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। रुक-रुक कर हो रही बारिश से शनिवार को राज्य मार्ग थलीसैंण-मरचूला, कर्णप्रयाग-नौटी, लक्ष्मणझूला-धुमाकोट, प्रमुख जिला मार्ग सतपुली-सिसल्डी के साथ ही अन्य ग्रामीण मोटरमार्ग बंद रहे। बारिश से जल संस्थान की जयरीखाल ब्लाक 5, यमकेश्वर व नैनीडांडा की 3-3, दुगडडा की 2, रिखणीखाल व द्वारीखाल की 1-1 पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हो गई है।पेयजल निगम की द्वारीखाल में 1,थलीसैंण में 2 पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हो गई है।

## ग्लोबल बाघ दिवस पर कॉर्बेट पार्क में बाघिन की मौत

**रामनगर (नैनीताल)।** ग्लोबल बाघ दिवस पर कॉर्बेट पार्क के ढेला रेंज के अंतर्गत सावल्दे नदी के पुल पर एक बाघिन का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कॉर्बेट पार्क के ढेला रेंजर सहित वन कर्मियों ने बाघ के शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव नष्ट किया जाएगा। कॉर्बेट के वन कर्मियों की मानें तो जिस स्थान पर बाघिन का शव पड़ा मिला, वह राजस्व भूमि है यानी वह तराई पश्चिमी वन प्रभाग क्षेत्र के अंतर्गत इलाका है।

## घर के ऊपर गिरा भारी बोल्डर, भवन स्वामी बाल-बाल बचा

**धारचूला (पिथौरागढ़)।** बारिश से टनकपुर तवाघाट एनएच के तपोवन के एनएचपीसी गेट के पास खोतिला में घर के ऊफर भारी बोल्डर और मलबा आने से घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान भवन स्वामीण घर के अंदर सोए हुए थे। जैसे ही उन्हें आभास हुआ वह तुंरत घर से बाहर की ओर दौड़े। वहीं दूसरी तरफ तवाघाट लिपुलेख सड़क के पेलसती झरने के पास एक जेई दलदल में फंस गए। एक घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला जा सका।लगातार जारी बारिश से टनकपुर तवाघाट में चिंतामणि भट्ट का आठ कमरे का घर क्षतिग्रस्त हो गया।। बोल्डर आने की आवाज सुनाई देने पर उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। भवन स्वामी ने बताया की भवन के दूसरे कमरे में दुकान खोलकर अपनी आजीविका चलाते है। उन्होंने



### दलदल में फंसे जेई को एक घंटे बाद बाहर निकाला

सड़क कटिंग कर रही कार्यदायी संस्था हिलवेज पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि कई बार हिलवेज कंपनी के अधिकारी को सड़क पर लटके बोल्डर और मलबा हटाने का निवेदन किया था, जिसपर कोई कार्यवाही नहीं होने से आज वे बेघर हो गए है।

पीड़ित के पिता प्रेम बल्लभ और कनिष्ठ प्रमुख भूपाल बहादुर उपजिलाधिकारी दिवेश शाशनी को ज्ञापन देकर नुकसान का पूर्ति हिलवेज कंपनी से देने की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार मौके में पहुंचकर नुकसान का आकलन करने पहुंचे।

## तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 8 लोगों की मौके पर मौत

**चेन्नई ,एजेंसी।** तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की खबर सामने आई है। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, विस्फोट की तीव्रता इतनी तेज थी कि फैक्ट्री का एक हिस्सा ढह गया। इतना ही नहीं धमाके के कारण फैक्ट्री के पास एक होटल भी ढह गया। आसपास के चार घर भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए।पुलिस ने बताया कि विस्फोट में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव बरामद कर लिए गए हैं। 12 लोगों की हालत गंभीर है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकलकर्मी और बचाव दल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की। क्षतिग्रस्त होटलों और घरों में फंसे लोगों को बचाने की कोशिशें जारी हैं। कृष्णागिरी के जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि विस्फोट की तीव्रता ने होटल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि मलबे में कई लोग फंसे हुए हैं।

## प्रदेश की जनता भाजपा को देगी एकतरफा आशीर्वाद, बनायेंगे पूर्ण बहुमत की सरकारः जेपी नड्डा

**जयपुर ,एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा कोर कमेटी बैठक आयोजित हुई। जिसमें कोर कमेटी के सदस्य राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश चुनाव प्रभारी एंव केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, राष्ट्रीय महासचिव एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश चुनाव सह-प्रभारी नितिन पटेल, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ,केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, वसुंधरा राजे सिंधिया, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, सांसद कनकमल कटारा, राष्ट्रीय प्रवक्ता एंव सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड और उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया मौजूद रहे। इस दौरान आगामी योजनाओं और चुनावी रणनीती को लेकर बारीकी से मंथन किया गया। इसके बाद जेपी नड्डा ने प्रदेश मुख्यालय पर मीडिया को अपना व्यक्तव्य दिया।भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राजस्थान में गहलोत सरकार नहीं है, यह गृहलूट सरकार है।

जो अपनी जनता और अपने घर को लूटकर दिल्ली में बैठे अपने आकाओं को खुश करने में लगी हुई है। प्रदेश में भ्रष्टाचार की बानगी है ''लाल डायरी'' जिसमें भ्रष्टाचार के काले कारनामें बंद हैं।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION

| B.H.M. | B.Sc. IT | B.B.A. | B.C.A. | C.H.M. |
|---|---|---|---|---|
| 4 Years | 3 Years | 3 Years | 3 Years | 1 Year |

- Attractive Scholarships
- Industrial Tour
- Value Added Courses @ 0% cost
- Internship in Leading Companies

Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# क्षतिग्रस्त साहिया समाल्टा मार्ग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



विकासनगर। क्षतिग्रस्त साहिया–समाल्टा मार्ग पर यातायात ठप होने के बाद कोई कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने पर प्रभावित गांवों के लोगों का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने लामबंद होकर साहिया–समाल्टा मार्ग पर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने पुतला फूंक कर अपने गुस्से का इजहार भी किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि मार्ग बंद होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। हॉस्पिटल जाने तक लोगों को कोई मार्ग नहीं बचा है, लेकिन प्रशासन की ओर से आवाजाही शुरू करने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिसके चलते सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ रहा है।पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कमलेश भट्ट के नेतृत्व में आक्रोशित ग्रामीणों ने साहिया–समाल्टा मार्ग पर प्रदर्शन कर शासन–प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने शासन–प्रशासन पर उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शासन–प्रशासन लोगों की समस्या से बेपरवाह बना है। कमलेश भट्ट ने कहा कि विभिन्न जिम्मेदार विभागों से लेकर शासन–प्रशासन का कोई अधिकारी, मंत्री अब तक क्षेत्र की समस्याओं को देखने तक नहीं आया। कहा कि जनता के सामने संकट गहरा हो गया है, लेकिन समस्या के समाधान के कोई प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। कहा कि आपदा के इस दौर मे क्षेत्र के नेताओं और जनता के प्रतिनिधियों को जनता के बीच होना चाहिए, लेकिन कोई भी इस आपदा में जनता की सुध नहीं ले रहा है।

## हाथी पांव रोड पर पेड़ गिरने से मार्ग बाधित

देहरादून। हाथी पांव रोड पर शुक्रवार देर रात पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। शनिवार सुबह लोगों को आवाजाही में दिक्कत हुई। स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर सर्विस ने मौके पर पहुंचकर पेड़ को हटाकर यातायात चालू करवाया।

पेड़ गिरने की घटना हाथी पांव रोड पर जस अपार्टमेंट के पास देर रात हुई। इससे रात में दोनों तरफ वाहन फंस गए। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय निवासी जगमोहन ने बताया कि हाथी पांव रोड पर ऐसे कई विशाल पेड़ हैं, इनमें कई पेड़ काफी पुराने हैं।

जिनके गिरने का खतरा हर समय बना रहता है। कई बार वन विभाग को जर्जर हो गए पेड़ों को काटने के लिए आग्रह किया जा चुका है। फायर स्टेशन से मिली जानकारी के मुताबिक सुबह सात बजे पेड़ गिरने से मार्ग बंद होने की सूचना मिलते के बाद टीम मौके पर पहुंच गई थी।

# राज्य के विकास में महिलाओं की अहम भूमिकाः गणेश जोशी



देहरादून। उत्तराखंड की परिश्रमी व साहसी महिलाओं का राज्य के विकास एवं प्रगति में अहम योगदान रहा है। राज्य आंदोलन में प्रदेश की वीर नारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

ये बात कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने त्रिकोण सोसायटी की ओर से राजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित वूमेन ट्रांसफॉर्मिंग उत्तराखंड कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार के लिए पुरुषों के पलायन के कारण महिलाएं ही राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक संरचना की रीढ़ बनी। पर्वतीय क्षेत्रों में कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में महिलाओं ने अपने परिश्रम व साहस के बल पर अपने घर, गांव, खेतों और संस्कृति को आबाद रखा। उन्होंने कहा उत्तराखंड की महिलाओं को उनके परिश्रम, बलिदान एवं संघर्ष का उचित श्रेय से मिलना आवश्यक है। उन्होंने कहा समान नागरिक कानून यूसीसी भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम है। किसी भी समाज में अगर उस समाज की 50 प्रतिशत आबादी के साथ अन्याय हो रहा हो, वह समाज कभी तरक्की नहीं कर सकता।

इस अवसर पर बीजेपी महिला प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, सोसाइटी की चेयरपर्सन नेहा शर्मा, सोनिया शर्मा, डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र, एडिशनल कमिश्नर अमित गुप्ता और अनुराधा मल्ल आदि उपस्थित रहे।

# फर्जी जाति प्रमाणपत्र पर बाल विकास परियोजना अधिकारी बर्खास्त

देहरादून। फर्जी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के आरोप में महिला बाल विकास विभाग ने यूएसनगर के जसपुर में तैनात बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) लक्ष्मी टम्टा की सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

विभाग उनके खिलाफ कानूनी कारवाई भी करने जा रहा है। सचिव महिला सशक्तिकरण बाल विकास विभाग हरिचंद्र सेमवाल की ओर से शनिवार को जारी आदेश के अनुसार, सीडीपीओ लक्ष्मी टम्टा का जन्म अनारक्षित परिवार में हुआ था। विवाह से पहले शैक्षिक प्रमाणपत्रों में उनका नाम लक्ष्मी पंत दर्ज है। 1982 में उन्होंने अल्मोड़ा निवासी मुकेश लाल टम्टा से शादी कर ली। इसके बाद स्नातक स्तरीय शैक्षिक प्रमाणपत्रों में उनका नाम लक्ष्मी टम्टा लिखा गया है। इसी आधार पर उन्होंने अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र हासिल करते हुए, 1988 में विभाग में मुख्य सेविका के पद पर नौकरी हासिल की। वर्ष 2003 में इसी प्रमाणपत्र के आधार पर पदोन्नति में आरक्षण का लाभ लेते हुए, बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर पदोन्नति हासिल की। जबकि 1984 में जारी आदेशों के अनुसार सामान्य जाति में जन्मी महिला यदि, किसी अनारक्षित जाति के व्यक्ति से विवाह करती हैं तो भी उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता है। आदेश में कहा गया है कि शिकायत के बाद जिलाधिकारी अल्मोड़ा के द्वारा जांच के बाद उनका जाति प्रमाणपत्र खारिज किया जा चुका है। विभाग ने उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका दिया, जिसमें लक्ष्मी टम्टा ने आरोपों को खारिज कर दिया।

विभाग ने अब जांच रिपोर्ट के आधार पर उनकी सेवा समाप्त कर दी है। साथ ही धोखाधड़ी से जाति प्रमाणपत्र हासिल करने पर अलग से कानूनी कारवाई करने का निर्णय लिया है।

## कठोर शब्दों से बचना ही कांग्रेस के हित में : प्रीतम सिंह



देहरादून। पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने करन माहरा के बयान को लेकर उठे विवाद पर कहा कि भाजपा बेवजह इस मामले को तिल का ताड़ बना रही है।शनिवार को मीडिया कर्मियों से बातचीत में प्रीतम सिंह ने कहा कि कई बार व्यक्ति आवेश में कठोर शब्दों का प्रयोग कर सकता है। हालांकि ऐसे शब्दों का प्रयोग से बचा जाना ही कांग्रेस के हित में होगा। माहरा का वीडियो एडिट करने के आरोप में महामंत्री राजेंद्र शाह को नोटिस जारी किए जाने के सवाल पर प्रीतम सिंह ने कहा कि पार्टी का कोई कार्यकर्ता ऐसा काम नहीं करता है, फिर भी पहले इसकी जांच होनी चाहिए।इस बारे में जो भी बातें हो रही हैं वो बयान के संदर्भ में ही हो रही है। प्रीतम सिंह ने जोर देकर कहा कि पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है, सभी लोग राहुल गांधी – मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ खड़े होकर पार्टी को मजबूत बनाने में लगे है।

# इंडिया को लेकर कांग्रेस का नरेश बंसल के खिलाफ प्रदर्शन



देहरादून। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के खिलाफ देहरादून में प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने संविधान से इंडिया शब्द हटाने की नरेश बंसल की मांग का विरोध किया। कहा कि भाजपा जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस तरह के विवाद खड़े कर रही है। एस्लेहाल चौक पर गुरुवार को महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी की अगुवाई में हुए प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया ढाई हजार साल पुराना है और यह अंग्रेजों का दिया शब्द नहीं है। जिस इंडिया शब्द को लेकर नरेश बसंल संसद में आपत्ति जता रहे हैं, उसका प्रयोग करते हुए भाजपा की ही सरकार ने स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, खेलो इंडिया जैसे कई अभियान और योजनाएं शुरु की हैं। कहा कि बसंल की यह मांग संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान है। 26 पार्टियों के गठबंधन 'इंडिया' से घबराकर इस तरह अनर्गल बयान दिए जा रहे हैं। कांग्रेस ने इस मौके पर पुतला भी फूंका। प्रदर्शन में डॉ. बिजेंद्र पाल, मनीष नागपाल, नवीन जोशी, सुनील जयसवाल, सावित्री थापा, अरुण रतूड़ी राजेंद्र राज, सुमित्रा ध्यानी, पूनम कंडारी, मुकेश सोनकर, सलीम अंसारी अल्ताफ अहमद, नरेश बंगवाल, रवि हसन, हेमंत उप्रेती, संजय गौतम, सज्जाद अंसारी, अरुण बलूनी, अजीत शर्मा, रामबाबू, वीरेंद्र पवार, आनंद त्यागी, अशोक कुमार, हेमराज, अभिषेक तिवारी, अमित खन्ना, राजेश पुंडीर, वीरेंद्र बिष्ट, एसबी थापा, सूरज क्षेत्री समेत अन्य शामिल हुए।

## एक नजर

### पासपोर्ट बनवाने को डिजिलॉकर से जमा करें दस्तावेज

देहरादून। पासपोर्ट बनवाने के लिए अब मूल दस्तावेज ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऑनलाइन आवेदन करते समय आवेदक डिजिलॉकर से आनलाइन दस्तावेजों को जमा कर सकेंगे। इससे अब पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया में जो समय लगता था, वह और कम हो जाएगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी विजय शंकर पांडेय ने बताया कि विदेश मंत्रालय की ओर से पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन जमा करने के दौरान डिजिलॉकर के माध्यम से आधार व अन्य दस्तावेजों को अपलोड करने की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है।

### लेखपाल संघ ने मांगा समर्थन

देहरादून। आंदोलनरत उत्तराखंड लेखपाल संघ ने कलक्ट्रेट के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ से समर्थन मांगा है। लेखपाल संघ के देहरादून जिलाध्यक्ष संगत सिंह सैनी और जिला सचिव मेजर सिंह ने पत्र लिखकर कहा कि जिस तरह से लेखपाल संघ के सदस्यों का उत्पीड़न किया जा रहा है,

उसके खिलाफ चल रहे आंदोलन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का समर्थन भी जरूरी है।

### बच्चों ने कला कौथिग में दिखाया हुनर

ऋषिकेश। मां आनंदमयी मेमोरियल स्कूल गौहरीमाफी में कला कौथिग का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 14 विद्यालयों के 205 प्रतिभागियों ने शिरकत की।

शनिवार को मॉम्स में अंतर–स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता में ऋषिकेश, देहरादून और हरिद्वार क्षेत्र के 14 स्कूलों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। निर्णायक के रूप में सुश्री रंजना, स्मृति लाल और मानस लाल ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के दौरान युवा कलाकारों ने प्रतिभागियों की उम्र और कक्षा स्तर के अनुरूप चार अलग–अलग श्रेणियों में अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रुप ए में मॉम्स की रूही भंडारी ने प्रथम डीएसबी के अक्षत ने द्वितीय और अंकुर स्कूल के अभेद्य रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# रोटरी दून विकास का पदभार ग्रहण समारोह धूमधाम से मनाया




विकासनगर। अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी दून विकास का पदभार ग्रहण समारोह शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रगान और मंत्रोचारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें निवर्तमान अध्यक्ष ने नव नियुक्त अध्यक्ष रोहित गुप्ता को कॉलर और चार्टर प्रदान कर विधिवत उनके अध्यक्ष बनने की प्रक्रिया को संपन्न कराया।

विकासनगर के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष संजीव राणा ने अपने संबोधन में नवनियुक्त अध्यक्ष रोहित गुप्ता और उनकी टीम को अपने कार्यकाल में हुए समाज सेव के कार्यों की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि मंडल अध्यक्ष स्तर पर उन्हें दस पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोहित गुप्ता ने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि रोटरी द्वारा निर्धारित लक्ष्यों एवं जन उपयोगी सेवाओं को और विस्तार दिया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने अपनी नयी टीम की घोषण भी की, जिसमें अमित अग्रवाल को पूर्व सचिव राजेश अग्रवाल ने पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान अरुण गोगिया, प्रभजोत सिंह और रिंकू कन्नौजिया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डाकपत्थर चौकी इंचार्ज अर्जुन सिंह गुंसाई को उनके समाज के प्रति विशिष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## यूसर्क ने दिव्यांग बच्चों के लिए खोली लैब

देहरादून। यूसर्क ने दिव्यांग बच्चों के लिए प्रथम स्टैंम (साइंस, टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एवं मैथमेटिक्स) लैब खोली है। यह लैब लर्निंग ट्री स्कूल अजबपुर में खोली गई। लैब का शुभारंभ यूसर्क की निदेशक प्रो. (डॉ.) अनीता रावत ने किया। उन्होंने कहा कि यूसर्क की ओर से प्रदेश के दिव्यांग छात्रों को समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करने और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। छात्रों में वैज्ञानिक अभिवृत्ति के विकास, विज्ञान के प्रति आकर्षण पैदा करने और वैज्ञानिक समझ को विकसित करने के लिए प्रदेश में 40 से अधिक स्टैंम प्रयोगशालाओ की स्थापना की जा चुकी है,

# जीवनसाथी डॉट कॉम पर दोस्ती कर 80 हजार हड़पे

देहरादून। जीवन साथी डॉट कॉम पर दून की युवती से संपर्क में आए युवक ने उससे 80 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। रायपुर पुलिस के अनुसार, अकुंर निवासी सहस्त्रधारा रोड ने तहरीर में बताया कि उसकी बहन ने जीवन साथी डॉट कॉम पर अपना प्रोफाइल बनाया था।

इसके जरिए शुभम नाम के युवक की उससे पहचान हुई। बात आगे बढ़ी तो दोनों परिवारों की आपस में बातचीत शुरू हो गई। नौ जुलाई को लड़के वालों ने देहरादून आने का प्रोग्राम बनाया था। आरोप है कि 25 जून को युवक ने बताया कि उसकी मां को ब्रेन हमरेज हुआ। चार जुलाई को शुभम ने बहन को बताया कि उसकी माता का ब्रेन का आपरेशन हुआ है। इस दौरान युवक ने अंकुर की बहन को बताया कि उसने 80 हजार रुपये आरटीजीएस से उसके खाते में डाले हैं। इसी के अगले दिन युवक ने बताया की उसकी मां का निधन हो गया है, लिहाजा उसे रुपयों की जरूरत है। ऐसे में युवती ने उसके खाते में तीन किस्तों में 80 हजार रुपये डाल दिए। बाद में खाते की जांच की तो पता चला शुभम ने जो आरटीजीएस मैसेज भेजा था वो फर्जी है, रकम युवती के खाते में ट्रांसफर नहीं हुई थी। आरोप है कि अब रकम वापस करने में शुभम टालमटोल कर रहा है।

# जंगली मशरूम खाने से महिला सहित 8 नेपाली मजदूरों की तबीयत बिगड़ी

नई टिहरी। देवप्रयाग की ग्राम पंचायत क्विली के सिलोड़ गांव में जंगली मशरूम खाने से एक महिला सहित आठ नेपाली मजदूरों की तबीयत खराब हो गई। गांव में प्राथमिक उपचार के बाद सभी मजदूरों को सीएचसी पिलखी में भर्ती कराया गया है। मजदूर गांव में जल जीवन मिशन में काम कर रहे हैं। देवप्रयाग ब्लॉक के सिलोड़ गांव में बगवान हिंडोलाखाल पंपिंग योजना में काम कर रहे एक महिला सहित आठ नेपाली मजदूरों ने शुक्रवार रात को जंगली मशरूम खा लिये, जिसको खाने के बाद सभी को उल्टी दस्त शुरू हो गए और वह बेसुध हो गए। उनके साथी अन्य मजदूरों ने इसकी सूचना पूर्व प्रधान राजेश्वर बडोनी को दी। पूर्व प्रधान को सभी नेपाली मजदूरों के अपने निवास पर बेसुध पड़े नजर आये। पूर्व प्रधान ने तत्काल निकट कांडीखाल स्थित निजी क्लिनिक से डॉक्टर को बुलाकर मजदूरों का उपचार शुरू करवाया, काफी कोशिश के बाद मजदूर होश में आये, उपचार से मजदूरों की स्थिति रात में कुछ संभल गई। लेकिन शनिवार तड़के उन्हें फिर से उल्टी दस्त शुरू हो गए और उनकी तबीयत बिगड़ गई।

## कमेड़ा भूस्खलन जोन में रात को नहीं चलेंगे वाहन

चमोली। गौचर के पास कमेड़ा में बदरीनाथ हाईवे पर हुए भूस्खलन जोन पर रात में वाहन नहीं चल पाएंगे। सुरक्षा की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है।

यहां भले ही एनएचआईडीसीएल ने मलबा हटाकर वाहन चलने लायक सड़क बना दी है लेकिन संवेदनशील होने और बारिश के चलते यहां रात्रि में यातायात बंद कर दिया गया है। चमोली और रुद्रप्रयाग की सीमा कमेड़ा में बीते रविवार की रात्रि को भारी मात्रा में भूस्खलन हो गया था। पहाड़ी से भूस्खलन होने के चलते यहां सौ मीटर से अधिक सड़क पूरी तरह वाश आउट हो गई थी। जिसे बीते शुक्रवार को वाहनों के लिए खोल दिया गया।

# सीएम से उठाया भूमि अधिग्रहण की आशंका को दूर करने का मुद्दा



ऋषिकेश। इंटीग्रेटेड टाउनशिप का मामला गर्माता जा रहा है। कुछ दिन पहले किसानों ने इस मामले को लेकर महापंचायत भी की। इसके बाद सरकार ने मीडिया के माध्यम से एरोसिटी नहीं बनाने की स्थिति साफ कर दी थी। लेकिन क्षेत्र में टाउनशिप योजना का विरोध अभी भी जारी है। शनिवार को बार एसोसिएशन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम से डोईवाला में टाउनशिप योजना पर स्थिति साफ करने और भूमि अधिग्रहण की आशंका को दूर करने का मामला उठाया। शनिवार को देहरादून में बार एसोसिएशन डोईवाला के पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन के सचिव मनोहर सिंह सैनी ने कहा कि अभी भी जनता को आशंका है कि डोईवाला में एरो सिटी के अतिरिक्त इंटीग्रेटेड टाउनशिप या किसी अन्य परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण किया जा सकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से डोईवाला तहसील के आसपास एरोसिटी, इंटीग्रेटेड टाउनशिप या किसी अन्य प्रयोजन के लिए भूमि अधिग्रहण किए जाने की आशंका को दूर करने की बात कही। ज्ञापन सौंपने वालों में परवादून बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, भाजपा महामंत्री राजेंद्र तड़ियाल, पूर्व प्रधान पुरुषोत्तम डोभाल और रविंद्र आदि मौजूद रहे।

# क्रिटिकल केयर में अल्ट्रासाउंड पर कार्यशाला

ऋषिकेश। क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग ने देहरादून सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन के सहयोग से क्रिटिकल केयर में अल्ट्रासाउंड पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को क्रिटिकल केयर में अल्ट्रासाउंड की प्रचलित विधियों से अवगत कराया।

शनिवार को हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट में सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन देहरादून और हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि स्वामीराम हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने चिकित्सा विज्ञान में अल्ट्रासाउंड और साक्ष्य आधारित चिकित्सा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने उच्च प्रौद्योगिकी गैजेट्स पर आधारित कम लागत वाले उपचार को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. विजेंद्र चौहान ने कहा कि अल्ट्रासाउंड पहले निदान स्थापित करने में मदद करता है, जिससे आईसीयू में शीघ्र उपचार में मदद मिलेगी। कार्यशाला के दौरान डॉ. राहुल चौहान ने अल्ट्रासाउंड की मूल बातें बताईं। जबकि डॉ. सोनिका अग्रवाल और डॉ. शांतनु बेलवाल ने फेफड़ों के अल्ट्रासाउंड के बारे में व्यावहारिक अनुभव साझा किया। डॉ. सोनू सामा और डॉ. वीणा बोसवाल ने इकोकार्डियोग्राफी और हेमोडायनामिक के बारे में बताया। डॉ. मंजू केदारनाथ, डॉ. ममता और डॉ. मुक्ता सिंह ने ट्रॉमा के मरीजों के अल्ट्रासाउंड के बारे में सिखाया।

## अपर सचिव को धमकी देने का आरोप निराधार : बिजल्वाण

देहरादून। जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तरकाशी दीपक बिजल्वाण ने अपर सचिव पंचायतराज ओमकार सिंह की ओर से लगाए धमकी देने के आरोप को निराधार बताया। उन्होंने अपर सचिव की ओर से उत्तरकाशी जिला पंचायत में जेई के पद एक युवक को नियम विरुद्ध ज्वाइनिंग दिलवाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कि सरकार चाहे तो इस मामले की जांच भी करवा सकती है।

# भाजपा महानगर का बूथ सशक्तिकरण पर बैठक का आयोजन

देहरादून। भाजपा महानगर देहरादून कार्यालय में महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने रायपुर विधानसभा में बूथ सशक्तिकरण को लेकर मंडलों की बैठक मन की बात कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक बूथ में होने चाहिए। क्योंकि इस कार्यक्रम में देशवासियों को देश की तकनीकी उन्नति, स्वरोजगार की उपलब्धियां बताई जाती है। उन्होंने बूथों को मजबूत बनाने के लिए बूथ समितियां गठित करने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि यदि बूथ मजबूत होगा तो निश्चित रूप से आने वाले चुनाव में भाजपा अपनी जीत सुनिश्चित कर पाएंगी। उन्होंने उत्तराखंड व गढ़वाल के लोगों के प्रति आपत्तिजनक शब्द कहे जाने पर कांग्रेस नेताओं की निंदा की। रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ ने कार्यकर्ताओं से हर चुनौती से निपटने को तैयार रहने का आह्वान किया। मौके पर महानगर उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, महामंत्री बिजेंद्र थपलियाल, उपाध्यक्ष संतोष सेमवाल, मंत्री विमल उनियाल, देवेंद्र पाल मोंटी, कोषाध्यक्ष मोहित शर्मा, सह मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार, नमो ऐप संयोजक शाकुल उनियाल, विपिन खंडूड़ी, राजेश बडोनी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश बडोनी, संजीव मल्होत्रा मौजूद रहे।

# आफत बनकर बरसे बदरा, पनियाली गदेरे ने मचाई तबाही

## शुक्रवार रात हुई तेज बारिश से नदी-गदेरे आए उफान पर, कौड़िया, आमपड़ाव क्षेत्र में घरों के अंदर घुसा भारी मलबा


कौड़िया मोहल्ले में रास्ते में भरे मलबे को साफ करती जेसीबी


कौड़िया क्षेत्र में मलबा भरने के कारण बर्बाद हुआ लोगों का सामान


कौड़िया मोहल्ले में घरों में भरे मलबे को साफ करते लोग


पनियाली गदेरे की भेंट चढ़ी पुलिया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शुक्रवार रात हुई बारिश कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में आफत बनकर बरसी। नदी-गदेरे उफान पर आने से मलबा व पानी घरों के अंदर घुस गया। सबसे अधिक तबाही नगर क्षेत्र के बीच से गुजरने वाले पनियाली गदेरे ने मचाई। गदेरे के आसपास रहने वाले लोगों के घरों में घुटने-घुटने तक मलबा भर गया। मकान व सामान छोड़कर परिवारों को अन्यत्र शरण लेनी पड़ी।

शुक्रवार रात को हुई बारिश के कारण कोटद्वार में पनियाली गदेरा उफान पर रहा। जिसके कारण आमपड़ाव, सूर्यानगर व कौड़िया क्षेत्र के कई घरों में मलबा व पानी भर गया। लोगों को घबराकर अपने घरों से बाहर निकलना पड़ा।

सबसे अधिक तबाही का मंजर कौड़िया बस्ती में देखने को मिला। जहां लोगों के घरों में मलबा घुसने से उनका सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया। शनिवार को पूरे दिन परिवार के सदस्य घरों से मलबा व पानी साफ करने में जुटे हुए थे।

बस्ती को जाने वाले मार्ग को साफ करने के लिए प्रशासन की ओर से जेसीबी लगाई गई थी। वहीं वार्ड नं. 9 काशीरामपुर के पार्षद प्रवेंद्र रावत ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मौखिक व लिखित रूप से पनियाली नाले की सफाई कराने के संबध में अवगत करा दिया गया था, लेकिन अधिकारियों ने इसे अनसुना कर दिया। क्षेत्रीय विधायक को भी पत्र लिखकर सुरक्षा दीवार बनाने की मांग की गई, किंतु उन्होंने भी बजट का अभाव बताकर टाल दिया। वार्ड नं 7 कौड़िया पार्षद सुभाष पांडेय ने कहा कि उन्होंने भी कई बार पनियाली गदेरे की साफ- सफाई के संबध में स्थानीय शासन प्रशासन को अवगत कराया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### निर्माण सामग्री बही

शुक्रवार रात मालन नदी में एक बार फिर से बाढ़ आने के कारण तल्ला मोटाढांक में नदी में ह्यूमपाइप डालकर बनाए जा रहे दो कॉजवे का निर्माण कार्य बाधित रहा। भारी बारिश से उफनाई मालन की बाढ़ में लोनिवि विभाग का शटरिंग का सामान और आरबीएम बह गया। शनिवार को एक बार फिर से लोनिवि ने कॉजवे पर काम आगे बढ़ा दिया है, लेकिन इस मार्ग पर हल्के वाहनों की आवाजाही बंद रही।

### गब्बर सिंह कैंप को जोड़ने वाली पुलिया ढही

कौड़िया से विक्टोरिया क्रॉस गब्बर सिंह कैंप को जोड़ने के लिए दशकों पूर्व बनी पुलिया पनियाली गदेरे की भेंट चढ़ गई। ऐसे में अब आर्मी कैंप तक वाहनों से खाद्य सामग्री के साथ ही अन्य आवश्यक वस्तुओं को पहुंचाना चुनौती बन गया है। सितंबर माह में कैंप में अग्निवीर भर्ती रैली भी होनी है।

### सड़क पर काटी रात

कौड़िया बस्ती के घरों में मलबा भरने के कारण परिवारों ने सबसे पहले अपनी जान बचाना ही बेहतर समझा। अधिकांश लोग अपना सामान छोड़कर घर से निकालर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। लोगों ने कैड़िया के समीप यात्री सैड के नीचे रात काटी। सुबह होने पर तबाही का मंजर देर उनकी आंखें भर आई।

### प्यास बुझाने को भी तरसे

बस्ती में भारी मलबा व पानी आने से पेयजल लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। ऐसे में शनिवार को पूरे दिन बस्ती में पीने का पानी तक नहीं आया। मलबा हटाने के कार्य में जुटे परिवारों का प्यास बुझाना भी मुश्किल हो गया था। वहीं, रसोई में रखा सामान खराब होने के कारण भी घरों में चूल्हा नहीं जल पाया।

# खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

## पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में आयोजित की गई प्रतियोगिताएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत न्याय पंचायत धरासू के अन्तर्गत आने वाले शिक्षण संस्थानों की विभिन्न प्रतियोगिता आयोजन की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने खेल के माध्यम से अपने हुनर का प्रदर्शन किया।


सुरखेत में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत धरासू के पूर्व प्रधान सैन सिंह रमोला, प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी, प्रधानाध्यापिका राधा तोमर, तरूणा पंवार, बृजमोहन कैंत्यूरा, जनार्द्धन प्रसाद बडोला, गजेन्द्र चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक प्रमोद रावत ने खेल गतिविधियों के नियमों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्र-छात्राओं के बैट्री परीक्षण के लिए 600 मीटर दौड़, 30 मीटर फ्लाइंग रन, 6 से 10 मीटर शटल रन, स्टेंडिंग ब्रॉड जम्प, मेडिसन वॉल थ्रो व फॉरवर्ड बैंड जैसी खेल विधाओं का आयोजन किया गया। बालक वर्ग की सभी खेल विधाओं में बेहतर प्रदर्शन करके सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले (8-9) आयु वर्ग में रा0प्रा0वि0 धरासू के मंयक चौहान, (9-10) आयु वर्ग में रा0प्रा0वि0 पिलखेरा के अमन, रा0प्रा0वि0 रणस्वा के नैतिक, (10-11) आयु वर्ग में प0इ0का0 सुरखेत के नितेश व सावन, (11-12) आयु वर्ग में प0इ0का0 सुरखेत के तनीष व कृष्णा, (12-13) आयु वर्ग में प0इ0का0 सुरखेत के नमन व आशीष तथा (13-14) आयु वर्ग में प0इ0का0 सुरखेत के रितेश व करन चयनित हुए हैं। बालिका वर्ग के (8-9) आयु वर्ग में रा0प्रा0वि0 धरासू की अमृता, रा0प्रा0वि0 रणस्वा की आरिश्का, (9-10) आयु वर्ग में रा0प्रा0वि0 धरासू की पूर्वी, रा0प्रा0वि0 पालकोट की पुनीता पंत, (10-11) आयु वर्ग में प0इ0का0 सुरखेत की यश्वी और सोनाली, (11-12) आयु वर्ग मे रा0पू0मा0वि0 धरासू की श्वेता और प्रतिभा, (12-13) आयु वर्ग में रा0पू0मा0वि0 धरासू की खुशी और मानसी, (13-14) आयु वर्ग में प0इ0का0 सुरखेत की तमन्ना और रितिका का चयन विकास खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। खेत प्रतियोगिताओं को सम्पन्न करने में विद्यालय के शिक्षका डॉ. तपेन्द्र बिष्ट, संजय कुमार, नीरज रमोला, प्रकाश चन्द्र कैंथोला, सतीश चन्द्र शाह, कैलाश रावत, मनबर सिंह चौहान, बृजमोहन कैंत्यूर, गजेन्द्र चौहान, जेपी बडोला, विजेता गडोई, राधा तोमर, तरूणा पंवार ने सहयोग किया।

### उत्तराखंड समाज गौरव सम्मान से सम्मानित होगें -प्रो. राणा

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के प्रो. पीएस राणा को उत्तराखंड समाज गौरव सम्मान के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह सम्मान आगामी 1 अगस्त को श्रीनगर गढ़वाल में दिया जाएगा। प्रो. राणा गढ़वाल विवि में कुलसचिव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, चीफ प्रॉक्टर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। वह विवि में अपनी 40 साल की सेवाओं के बाद हाल ही में सेवानिवृत्त भी होने जा रहे हैं।

पर्वतीय विकास शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डा. अरविंद दरमोड़ा ने बताया कि एक अगस्त को श्रीनगर में होने वाले सम्मान समारोह में उन्हें उत्तराखंड समाज गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा। कहा प्रो. राणा ने विवि के शीर्ष पदों पर रहते हुए समाज के विभिन्न मुद्दों पर सामाजिक संस्थाओं को अपना सहयोग दिया है। उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किए जोन पर प्रो. जेपी पचौरी, प्रो. मोहन सिंह पंवार, प्रो. हरिभजन सिंह चौहान, प्रो. एआर डंगवाल, प्रो. विद्या सिंह चौहान, प्रो. सुधांशु जायसवाल, प्रो. हिमांशु बौड़ाई, प्रो. किरन डंगवाल आदि संस्थाओं के लोगों ने खुशी जताई है। (एजेंसी)

### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण

**श्रीनगर गढ़वाल** : भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्वाधान में गढ़वाल विवि में अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम का प्रसारण सामूहिक रूप से देखा गया। इस दो दिवसीय समागम कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के शुभारंभ की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर हो रहा है। विवि के एसीएल सभागार में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को सामूहिक रूप से देखा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों तथा उसके समतापूर्ण, समावेशी और अच्छे समाज के निर्माण में सभी की भागेदारी हो इस संदेश को प्रंधानमंत्री के अभिभाषण में सुना। कार्यक्रम के संयोजक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने अपने संबोधन में कहा कि कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल के सफल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवि द्वारा पूर्ण रुप से लागू कर दिया गया है। संपूर्ण पाठ्यक्रम को इसी के अनुरूप तैयार किया गया है। मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि कुलसचिव डॉ. धीरज शर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताई। मौके पर कार्यक्रम समन्वयक तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश नेगी, डॉ. मनीष उनियाल, डॉ. कपिल पंवार, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं एनआईटी उत्तराखंड श्रीनगर के पॉलिटेक्निक परिसर स्थित सभागार में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने के समक्ष कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र का सजीव प्रसारण देखा। मौके पर संस्थान के प्रभारी कुलसचिव डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी, डॉ. हरिहरन मुथुसामी, डॉ. सनत अग्रवाल, डा. राकेश मिश्रा, डॉ. शिवा कुमार तडेपल्ली आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर बहा पुलिया का हिस्सा, खतरा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य पांचवे मील के समीप टूट गदेरा उफान पर आने से पुलिया का एक हिस्सा बह गया। सूचना के बाद पहुंची लोक निर्माण विभाग की टीम ने तिरपाल डालकर बचे हुए हिस्से को सुरक्षित किया। वहीं, पुलिया क्षतिग्रस्त होने से आवाजाही में खतरा बना हुआ है। भारी बारिश और गदेरा उफान पर आने से कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य पांचवे मील से आगे एक पुलिया की एप्रोच रोड क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दो जगहों पर हाईवे का आधा हिस्सा ध्वस्त हो गया। शनिवार सुबह सूचना मिलते ही एनएच खंड के इंजीनियर मौके पर पहुंचे और डिमार्केशन कर यातायात को सुचारू कराया। इस दौरान करीब एक घंटा यातायात बाधित रहा। उधर, पर्वतीय क्षेत्र में दुगड्डा की तीन, बैजरो की सात व लैंसडौन की 11 सड़कों पर मलबा आने के कारण आवागमन बाधित है। लोगों को यहां पैदल आवाजाही करने को मजबूर होना पड़ा है।


कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य क्षतिग्रस्त पड़ा पुलिया का हिस्सा।

### चौपाल में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**सतपुली** : सरकार जनता के द्वार के तहत खंडूल मल्ला के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में 15 लोगों ने शिकायत दर्ज कराईं। एसडीएम ने बताया कि अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एसडीएम सतपुली संदीप कुमार ने बताया कि चौपाल में आपदा से क्षतिग्रस्त मकानों की अधिक शिकायतें आईं। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री अटल आवास व पीएम आवास, जंगली जानवरों से खेती बचाने के लिए घेरबाड़ करने, पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने, जंगलों जानवरों से नुकसान, सड़क कटिंग के दौरान मुआवजा ना मिलने की शिकायते आई। बताया कि अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है। जबकि अन्य शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए है। इस दौरान ग्रामीण और कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# रघुनंदन अध्यक्ष तो हर्षपाल व विनोद बनें कार्यकारी अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ पौड़ी प्रखंड का 11 द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। जिसमें सर्व सर्वसम्मिति से रघुनंदन गोदियाल अध्यक्ष, हर्षपाल व विनोद रावत कार्यकारी अध्यक्ष, कुशला देवी उपाध्यक्ष चुना गया।

शनिवार को प्रेक्षागृह में आयोजित अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ पौड़ी प्रखंड के द्विवार्षिक अधिवेशन में पदाधिकारियों ने कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिशों को जल्द लागू करने, ग्रामीण डाक सेवकों को नियमित कर्मचारी का दर्जा व पेंशन देने, ग्रामीण डाक सेवकों से 8 घंटे तक काम लेते हुए पूरा वेतन देने, सामूहिक बीमा की धनराशि को 5 लाख तक बढ़ाने, ग्रामीण डाक सेवकों की ग्रेच्युटी को 1.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने, ग्रामीण डाक सेवकों के परिवारिक सदस्यों को चिकित्सा सुविधा देने, ग्रामीण डाक सेवकों का शोषण बंद करने आदि समस्याओं को हल करने की मांग उठाई गई। अधिवेशन में पर्यवेक्षक विभागीय चंद्र प्रकाश थपलियाल, जीवन प्रकाश चमोली की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का चुनाव करते हुए सर्वसम्मिति से अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अलावा नंदकिशोर डोभाल मंडलीय सचिव, विजय नैथानी, सुमन बर्थवाल, श्रीधर प्रसाद नौटियाल, बलवंत रावत सहसचिव, प्रेम सिंह भंडारी कोषाध्यक्ष, प्रकाश चंद्र नौड़ियाल सह कोषाध्यक्ष, कृष्णदत्त डोभाल, सोहन लाल, दीपक कुलसारी, राजन रतूड़ी संगठन सचिव व रमेशचंद्र लेखा पर्यवेक्षक चुने गए। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष राजपाल सिंह नेगी, प्रांतीय सहसचिव नवीन शर्मा, सुभाष पंवार, राजकुमार मधवाल, अकबर पुंडीर, नरेंद्र बिष्ट, प्रवीण बसलियाल, हरीश नेगी, पदमभूषण नेगी, रोहित थपलियाल, सुरेश ममगांई, विनोद कैंथोला, पवन कुमार, दीपक बिष्ट, कलम सिंह, रानी देवी, हयात सिंह, देवेंद्र चंदोला, विनोद सिंह, विजय राणा, दुर्गेश जगुरान आदि शामिल रहे।

### 1 अगस्त से होगी ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता

**पौड़ी** : डाक विभाग नए भारत के लिए डिजिटल भारत विषय पर ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। विजेताओं को डाक विभाग की ओर से पुरस्कार भी दिए जाएंगे।यह प्रतियोगिता 1 अगस्त से 31 अक्तूबर तक होगी। पौड़ी मंडल के डाक अधीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि स्कूलों-कॉलेजों में डाक विभाग अभियान चलाकर युवाओं को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जागरूक कर रहा है। बताया कि इस पत्र लेखन प्रतियोगिता में किसी भी उम्र के लोग हिस्सा ले सकते है। पहला वर्ग 18 वर्ष तक व दूसरा वर्ग 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का होगा। बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले अभ्यर्थी ए फोर साइज पेपर में 1 हजार शब्द व अंतर्देशीय पत्र में 5 सौ शब्दों में हिंदी, अंग्रेजी व स्थानीय भाषा में हाथ से लिखकर पत्र प्रधान डाकघर या ब्रांच पोस्टमास्टर के माध्यम से भेज सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित श्रेष्ठ पत्रों में पहला स्थान हासिल करने वाले को 50 हजार, दूसरा स्थान पाने वाले को 25 हजार व तीसरे स्थान वाले को 10 हजार की धनराशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी।

### श्रीमद्भागवत कथा सम्पन्न

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर में पुरुषोत्तम मास में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इससे पूर्व मंदिर में पंचाग पूजन, रुद्राभिषेक के बाद व्यास प्रमोद पांडेय ने श्रद्धालुओं को कथा का महात्म्य व पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन किया। इस मौके पर संस्कृत स्कूल के छात्रों ने वेद पाठ भी किया। आयोजन में कल्याणेश्वर मंदिर समिति, जयदयाल अग्रवाल संस्कृति विद्यालय श्रीनगर, राजीव विश्नोई, हिमांशु अग्रवाल, राजेंद्र बड़थ्वाल, हरीश अग्रवाल, प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सकलानी, सुनील फोदणी, द्वारिका प्रसाद कपरवाण, नरेश दत्त पेटवाल, दीपक पालीवाल आदि ने सहयोग दिया। (एजेंसी)

# एसडीएम ने किया आपदा प्रभावित रौली गांव का निरीक्षण, बांटी राहत राशि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : तहसील थलीसैण के अन्तर्गत ग्राम रौली में 20 जुलाई 2023 की रात्रि बादल फटने से प्रभावित ग्राम रौली का उपजिलाधिकारी थलीसैंण श्रेष्ठ गुनसोला ने स्थलीय निरीक्षण कर आपदा से हुई क्षति का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को आपदा राहत मानकों के अनुसार राहत राशि के चैक वितरित किये।

भूस्खलन के कारण कुल 57 परिवारों की 3.640 हैक्टेयर कृषि भूमि क्षतिग्रस्त हुई है। प्रभावित किसानों को 2,89,440.00 रूपये राहत सहायता के चैक वितरित किये गये हैं। इसके अतिरिक्त 01 छोटे दुधारू पशु /बकरी की मृत्यु होने पर पशुस्वामी चन्दन सिंह पुत्र इन्द्र सिंह को 4000.00 रूपये अनुग्रह अनुदान एवं 02 पक्के आवासीय भवनों को आशिक क्षति पर भवन स्वामी आनन्द सिंह पुत्र कल्याण सिंह एवं सतेसिंह पुत्र जवाहर सिंह को 6500.00 रूपये प्रति परिवार की दर से कुल रूपये 13000.00 रूपये गृह अनुदान चैक के माध्यम से वितरित किये गये। क्षतिग्रस्त पैदल रास्तों को अस्थायी रूप से मरम्मत कर आवागमन योग्य बना दिया गया है, जिससे ग्रामवासी एवं उनके मवेशी आवाजाही कर रहे हैं। बगवाडी के समीप क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर लोनिवि द्वारा 30 मीटर स्पान का वैली ब्रिज तैयार किया जा रहा है, जिसकी सामग्री मौके पर पहुंच गई है। अधिशासी अभियन्ता लोनिवि बैजरो ने बताया कि तीन सप्ताह में पुल बनकर तैयार हो जायेगा। इस अवसर पर प्रभारी तहसीलदार थलीसैंण आनन्द पाल, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक भीम सिंह असवाल, राजस्व उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत प्रधान रौली एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।


उपजिलाधिकारी थलीसैंण श्रेष्ठ गुनसोला आपदा प्रभावित रौली गांव का निरीक्षण करते हुए।

# कोसी से देवस्थल तक विशाल रैली का आयोजन, संदिग्धों की जांच की मांग



अल्मोड़ा। कोसी घाटी विकास मंच के तत्वावधान में कोसी से देवस्थल तक विशाल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी गाँवों के महिलाओं, पुरुषों युवाओं ने प्रतिभाग किया। रैली के बाद देवस्थल मंदिर में विशाल जनसभा आयोजन किया गया। जनसभा में क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि और आसपास के गाँवों से आए हुए लोगों ने प्रतिभाग किया।

जनसभा के बाद अनेकों बिंदुओं पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार अल्मोड़ा के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में क्षेत्र में समुदाय विशेष के बाहरी व्यक्तियों की गतिविधियों की जांच, संपत्ति की जांच, मजदूरी करने आए मजदूरों की मजदूरी निर्धारित करने, अवैध कब्जों को हटाने सहित विभिन्न बिंदु रखे गए हैं। सभा की अध्यक्षता कोसी घाटी विकास मंच के अध्यक्ष महंत बृहस्पति गिरी जी महाराज द्वारा की गई। संचालन कोसी घाटी विकास मंच के महामंत्री सुरेंद्र मेहता द्वारा किया गया। सभा को कोसी घाटी विकास मंच के अध्यक्ष ब्रहस्पति गिरी जी महाराज, संरक्षक गोपाल सिंह रॉयल, जिला पंचायत सदस्य महेश नयाल, एडवोकेट विनोद पंत, गोकुल सिंह मेहता, हरीश ऐड़ी, अरविंद जोशी, महेंद्र अलमिया, प्रकाश बिष्ट, संजय बिष्ट, हरीश कनवाल, सुनीता तिवारी, प्रवीण मेहता, देवेंद्र सिंह मेहरा द्वारा संबोधित किया गया।

## नैनीताल जिले में आज और कल बारिश की चेतावनी

हल्द्वानी। जिले में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटे में जिले में 16.8 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 30 और 31 जुलाई को भी बारिश की चेतावनी दी है। जिले के पर्वतीय और मैदानी इलाकों में रुक–रुककर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है।

जिला आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 16.8 मिमी बारिश हुई है। इसमें हल्द्वानी में 38, कालाढूंगी में 2, रामनगर में 2.4, नैनीताल में 11, बेतालघाट में 2, मुक्तेश्वर में 0.3, धारी में 24 एमएम बारिश हुई। वहीं, शनिवार को मैदानी क्षेत्र में दिनभर उमस रही। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा। नमी 76 प्रतिशत रही।



## कूलूर नदी मे बहकर आया गुलदार का शव

बागेश्वर। क्षेत्र में भारी बारिश के चलते कमस्यारघाटी के कूलूर नदी में दूर जंगल से बहकर आया एक गुलदार शव रावतसेरा महादेव मंदिर के समीप किनारे लग गया। गुलदार का शव देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर धरमघर रेंज के रेंजर प्रदीप कांडपाल टीम के साथ मौके पर पहुंचं। उन्होंने बताया गुलदार का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम को मुख्यालय लाया जा रहा। पोस्टमार्टम के बाद गुलदार की मौत के असल कारणों का पता चल पाएगा।

# राज्य सरकार आपदा से निपटने में फेलः यशपाल आर्य



हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा मानसून के पहले चरण में हुई बर्बादी से सिद्ध हो गया है कि सरकार आपदा प्रबंधन में पूरी तरह फेल हो गई। पहली बारिश में देहरादून सहित मैदानी जिलों में जलभराव हो या पहाड़ी जिले चमोली में करंट की मानव जनित आपदा से 16 लोगों की मौत, हर घटना में सरकार की लापरवाही और कर्तव्यहीनता उजागर हुई है। शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा आपदा को लेकर सरकार की संवेदनशीलता इस बात से परखी जा सकती है कि राज्य आपदा प्रबंधन समिति की बैठक एक साल से नहीं हुई है। राज्य स्तर में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली राज्य आपदा प्रबंधन समिति ही आपदा प्रबंधन, आपदा के समय समन्वय और नीतिगत निर्णयों के लिए जिम्मेदार होती है। विधानसभा अध्यक्ष के कोटद्वार के मालन पुल से संबंधित वायरल वीडियो ने सिद्ध किया है कि उन्हें भी बेपरवाह नौकरशाह के सामने गुहार लगानी पड़ रही है। कहा सरकार के प्रभारी मंत्री भी अपने–अपने प्रभार वाले जिलों में आपदा प्रबंधन के बजाय आपदा पर्यटन की औपचारिकता पूरी करके वापस राजधानी आ गए हैं। उन्होंने कहा जो सरकार घोषित स्मार्ट सिटी राजधानी देहरादून में जलभराव की समस्या का हल नहीं खोज पा रही है, उससे राहत की क्या आशा करें। कहा हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। सरकार से इस साल की आपदा में हुए नुकसान की भरपाई करने की उम्मीद करना बेकार है। क्योंकि किसानों को पिछले साल का ही मुआवजा नहीं दिया गया। यही हाल पहाड़ी जिलों का भी है, यहां सेब, टमाटर आदि फसलें आपदा के कारण बाजार न आने पर खेतों ही में सड़ रही हैं। कहा सीएम को जल्द राज्य आपदा प्रबंधन समिति की बैठक बुलाकर समस्याओं का हल निकालना चाहिए।

## विमान सेवा व पासपोर्ट कार्यालय न खोलने पर फूंका सरकार का पुतला

पिथौरागढ़। नगर में हवाई सेवा के नाम पर लोगों को गुमराह करने पर कांग्रेस ने भाजपा सरकार का पुतला जलाया। उन्होंने भाजपा सरकार के दो केंद्रीय मंत्रियों और सांसद पर एक पासपोर्ट कार्यालय नहीं खुलवा पाने का आरोप लगाया है। शनिवार को सिल्थाम तिराहे में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री महेंद्र सिंह लुंठी के नेतृत्व में कांग्रेसी एकत्रित हुए।

इस दौरान उन्होंने नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला जलाया। इस दौरान सभा करते हुए वक्ताओं ने सरकार पर सीमांत की अनदेखी करने का आरोप लगाए। कहा कि यहां का नेतृत्व कर रहे सांसद सीमांत के किसी भी समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। कहा कि स्थानीय भाजपा नेता वाहवाही लूटने के लिए विमान सेवा उड़ाने का दावा कर रहे हैं।

# सावन मेले को लेकर महिला कल्याण संस्था की बैठक आयोजित



अल्मोड़ा। महिला कल्याण संस्था की एक बैठक सावन मेले को लेकर संस्था के कार्यालय में हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त रविवार को सावन मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का आयोजन नंदा देवी में 2:00 बजे से होगा जिस में भाग लेने वाली महिलाओं की टीमें होंगी। जिसमें 5 महिलाऐं एक टीम से भाग ले सकती हैं, टीम की पांच महिलाएं उत्तराखंड की संस्कृति से संबंधित परिधान में आएंगी, साथ में उन्हें मेहंदी लगाकर लानी है और सेली सजाकर लाना है। साथ ही कुमाऊनी गीत पर नृत्य भी करना होगा और अकेले भी महिला प्रतिभाग कर सकती है। प्रत्येक महिला को अंक दिए जाएंगे जिस टीम की अधिक महिलाएं जीतेंगी उस टीम को प्रथम, द्वितीय, तृतीय नकद पारितोषिक दिया जाएगा। टीम की अन्य महिलाओं में से दो महिला व्यंजन प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं। दोनों प्रतियोगिताओं के अंक जोड़ कर जिस टीम को सबसे अधिक अंक मिलेंगे वह जीती हुई मानी जाएगी। मेले में महिलाओं के लिये गेम भी रखे जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता रीता दुर्गापाल द्वारा की गई व संचालन पुष्पा सती द्वारा किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष मीता उपाध्याय, चंद्रा अग्रवाल, गीता शाह, सरला बिष्ट, शांति शाह, दीपा जोशी, रीता जोशी, आदिति अग्रवाल पांडे, रेखा चौहान आदि उपस्थित थे।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी रामनगर से गिरफ्तार, किशोरी कब्जे से बरामद



अल्मोड़ा। पॉक्सो एक्ट के आरोपी को अल्मोड़ा पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज़ होने के 24 घंटे के भीतर रामनगर से गिरफ्तार किया है।

गुरुवार 27 जुलाई को द्वाराहाट निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के बिना बताए घर से स्कूल के लिए जाने व वापस ना आने के संबंध में थाना द्वाराहाट में तहरीर दी थी, जिस पर तत्काल एफआईआर पंजीकृत की गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी अल्मोड़ा ने तत्काल सीओ रानीखेत, थानाध्यक्ष द्वाराहाट को गुमशुदा नाबालिग बालिका की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया। सीओ रानीखेत टी आर वर्मा के पर्यवेक्षण व द्वाराहाट थानाध्यक्ष निरीक्षक राजेश यादव के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गुमशुदा नाबालिग बालिका की खोजबीन शुरु की गई। पुलिस टीम ने साईबर सैल की मदद से सुरागरसी–पतारसी कर नाबालिग बालिका को 28 जुलाई को कोसी बैराज के पास रामनगर से अभियुक्त अजय सैनी(22 वर्ष) पुत्र सोमपाल निवासी चिलकिया, रामनगर, जनपद नैनीताल के कब्जे से छुड़ाकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। साक्ष्यों के आधार पर थाना द्वाराहाट में पंजीकृत अभियोग में पॉक्सो एक्ट व आईपीसी की सुसंगत धाराओं की बढ़ोतरी कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। यहाँ पुलिस टीम में एएसआई नारायण दत्त जोशी, हैड कांस्टेबल चन्द्रपाल, हैड कांस्टेबल श्रवण कुमार, महिला हैड कांस्टेबल भगवती बिष्ट, कांस्टेबल ललित मोहन शामिल रहे।

## टनकपुर में ताजिया का मातमी जुलूस निकला

चम्पावत। टनकपुर में मोहर्रम के मौके पर ताजियों और इलम के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। इस दौरान इमाम हुसैन की शहादत को याद किया गया।सुबह पहला ताजिया वार्ड संख्या चार से मोहरम कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल नवी और रेलवे क्रॉसिंग मछली गली से बिस्मिल्लाह बेगम के नेतृत्व में जुलूस निकाला। इसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके बाद देर शाम मनिहारगोठ जामा मस्जिद से समीर हुसैन के नेतृत्व में निकाले गए ताजिए में दो हजार से अधिक लोग मौजूद रहे। बाजार में निकाले गए तीनों ताजियों में तीस हजार लोग मौजूद रहे। मोहमद नवी ने बताया कि रविवार को खटीमा ले जाकर दफनाया जाएगा। मोहर्रम पर हर पीढ़ी को अच्छाई के लिए कुर्बानी देने के लिए तैयार रहने का संदेश देता है।

# फायर स्टेशन अल्मोड़ा ने चलाया अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान



अल्मोड़ा। एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा जनपद के फायर स्टेशनों को जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को अग्निसुरक्षा के प्रति सजग करने के निर्देश दिए गए हैं। बीते शुक्रवार 28 जुलाई को मुख्य अग्निशमन अधिकारी अल्मोड़ा नरेन्द्र सिंह कुंवर के पर्यवेक्षण व अग्निशमन अधिकारी अल्मोड़ा महेश चन्द्र के नेतृत्व में फायर सर्विस अल्मोड़ा द्वारा बाड़ेछीना में स्थित पेट्रोल पंप में स्थापित प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन की जानकारी पेट्रोल पंप के समस्त स्टाफ को दी गई।

पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। जागेश्वर धाम अल्मोड़ा में श्रावणी मेले में लगे अग्निशमन ड्यूटी का निरीक्षण किया गया, अग्निशमन उपकरणों एवं मोटर फायर इंजन को स्टार्ट कर उसकी होजरील को चेक किया गया, मेला क्षेत्र के होटल, गेस्ट हाउस इत्यादि को अग्नि सुरक्षा दृष्टिकोण से चेक किया गया। फायर स्टेशन अल्मोड़ा में फायर सर्विस स्टाफ द्वारा आपदा से संबंधित समस्त लाइटों को चेक किया गया।

# बाजार में भटक रही मूक बधिर महिला को पुलिस ने पहुँचाया घर



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस ने रास्ता भटकी मूक बधिर महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द किया। शुक्रवार को नगर के एनटीडी क्षेत्र में एक महिला जो काफी देर से अकेले इधर–उधर भटक रही थी, संदिग्ध प्रतीत होने पर महिला थाना पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गई तो महिला बोलने और सुनने में असमर्थ प्रतीत हुई। महिला के बैग में उसका आधार कार्ड मिला, जिस पर महिला का निवास स्थान फलसीमा अंकित था। सुरक्षा के दृष्टिगत महिला को महिला थाने लाया गया और फलसीमा के ग्राम प्रधान से सम्पर्क कर महिला के बारे जानकारी जुटाई गई तो ज्ञात हुआ कि महिला अपने घर से नाराज होकर आई है, तत्पश्चात मूक बधिर महिला को महिला थाना पुलिस द्वारा सरकारी वाहन से सकुशल घर पहुंचाकर, उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया,

## अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में प्रकृति के संरक्षण पर मंथन

चम्पावत। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चम्पावत में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इसमें प्रकृति को बचाने के लिए उनके संरक्षण पर गंभीरता से विचार किया गया। प्राचार्य डॉ. चंद्र राम, संयोजक भूगोल विभाग अध्यक्ष डॉ. उपेंद्र सिंह चौहान, आइक्यूएसी के समन्वयक डॉ. किरण कुमार पंत, डॉ. विवेक कुमार प्रमुख वक्ता रहे। इसके अलावा ऑनलाइन जुड़े चीन के हुनान विवि से मुख्य वक्ता डॉ. जेबा और पोखरी चमोली के डॉ. राजेश भट्ट ने प्रकृति के बदल रहे रूप को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भौगोलिक एवं भूगर्भीय दृष्टि से पर्यावरण सतत विकास किया जाना चाहिए। कहा कि पर्यावरण से छेड़छाड़ को रोकने के लिए सरकार को जरूरी कदम उठाने होंगे।

# अनुसूचित जाति के शिक्षित बेरोजगारों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



अल्मोड़ा। श्री गंगा सेवा समिति द्वारा ग्राम कोट्यूड़ा पाटिया में अनुसूचित जाति के शिक्षित बेरोजगारों व युवकों को आजीविका अवसर प्रोत्साहन हेतु हाउस वायरिंग ट्रेनिंग बहुद्देशीय वित्त निगम के सहयोग से प्रदान की जा रही है। ट्रेनिंग का उद्घाटन भायुमो मण्डल अध्यक्ष सोहन कुमार व ग्राम प्रधान भुवन चन्द्र आर्या द्वारा किया गया। संस्था के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुस्युनी ने बताया कि यह ट्रेनिंग अनुसूचित जाति के बेरोजगार शिक्षित युवाओं को निशुल्क प्रदान की जा रही है। ट्रेनिंग का उद्देश्य है कि प्रशिक्षणार्थियों अपना स्वयं का व्यवसाय शुरूकर सकें या कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर एक अच्छी आय प्राप्त कर सकें। जिसके लिए संस्था द्वारा उन्हें पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। सोहन कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा बेरोजगार युवकों को रोजगार से जोड़ने के लिए अच्छी पहल की जा रही है व ग्राम प्रधान कोट्यूड़ा भुवन चन्द्र आर्या ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हाउस वायर ट्रेनिंग प्राप्त कर शिक्षित युवा रोजगार से जुड़ेंगे व क्षेत्र में पलायन भी कम होगा।

# लावारिस नेपाली का हिंदू सेवा समिति ने किया अंतिम संस्कार



अल्मोड़ा। हिंदू सेवा समिति के सदस्यों द्वारा 3 दिन पहले मिले एक नेपाली व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 60 वर्ष थी जिसका जिला अस्पताल में 3 दिन पूर्व देहांत हो गया था का अंतिम संस्कार किया गया।

पुलिस द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसके मृत नेपाली व्यक्ति के परिजनों का कोई पता नहीं लगा इस पर पुलिस प्रशासन द्वारा हिंदू सेवा समिति के सदस्यों से संपर्क किया गया और उस अज्ञात शव का अंतिम संस्कार हिंदू रीति–रिवाजों के साथ विश्वनाथ धाम में कर दिया गया। विदित हो कि अल्मोड़ा जिला या उसके आसपास के क्षेत्र में कोई भी इस तरह की घटना में हिंदू सेवा समिति आगे आकर अपना सहयोग हमेशा प्रदान करती है।

## चम्पावत में हल्की बारिश से तापमान गिरा

चम्पावत। हल्की बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दोपहर में हुई हल्की बारिश के बाद उमस का एहसास भी हुआ। शाम के वक्त आसमान घने बादलों से घिर गया। शनिवार को सुबह धूप खिलने के बाद अचानक मौसम में तब्दीली आ गई। दोपहर एक बजे हल्की बारिश शुरू हो गई। करीब 15 मिनट मेघ बरसने के बाद फिर एक बार धूप खिल गई। इससे उमस बढ़ गई और लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा। शाम के वक्त भी हल्की बूंदाबांदी हुई।

# जिला उद्योग मित्र समिति की हुई बैठक



चम्पावत। चम्पावत में उद्योग मित्रों की बैठक हुई। जिसमें कच्चा माल क्रय, बिक्री पोर्टल व क्रय वरीयता नीति संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।जिला कार्यालय सभागार में प्रभारी डीएम हेमंत कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक हुई।

बैठक में उद्योगों के विकास एवं उद्योगों की समस्याओं के संबंध में चर्चा हुई। एनएसआईसी देहरादून के प्रतिनिधि अश्विनी कुमार शर्मा और चेतन भट्ट की ओर से उद्योगों के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे बताया गया। बैठक में उद्योग केंद्र प्रबंधक सोमनाथ गर्ग, ईई उमाकांत चतुर्वेदी, एसडीओ नेहा चौधरी, राजीव पाठक, एई जल संस्थान पवन सिंह, प्रयागदत्त गहतोडी, चन्द्र किशोर बोहरा, नवीन चन्द्र उप्रेती, हेमंत कुमार राय, विजय चौधरी, उमेश खर्कवाल आदि रहे।

# डीएम दीक्षित की अध्यक्षता में राजस्व विभाग स्टाफ की बैठक

नई टिहरी। राजस्व विभाग की स्टाफ बैठक में डीएम मयूर दीक्षित ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि राजस्व पुलिस में कोई भी गंभीर प्रकरण आने पर उसे तत्काल रेगुलर पुलिस को सौंपने की कार्यवाही करें और आपदा के तहत विस्थापन के मामलों को प्राथमिकता से लेने का काम करें।

कलक्ट्रेट में डीएम दीक्षित की अध्यक्षता में राजस्व विभाग स्टाफ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने व्यापक स्तर पर दिशा-निर्देश जारी करते हुए क्रमवार राजस्व वाद, राजस्व पुलिस, पूर्ति विभाग, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, आपदा प्रबन्धन, दैवीय आपदा, राजस्व वसूली, मजिस्ट्रीयल जांच, मुख्य देयक, विविध देयक बिंदुओं पर चर्चा की। डीएम ने आबकारी अधिकारी को बार्डर पर छापामारी करने एवं वाहन चैकिंग में प्रगति लाने के निर्देश दिए। परिवहन अधिकारी को ओवर स्पीड व ओवल लोडिंग के अभियोग में नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। सभी एसडीएम, बीडीओ और तहसीलदारों को समय-समय पर राशन की दुकानों में चावल व दाल की गुणवत्ता को लेकर चैकिंग करने के निर्देश दिये गये। अभियोजन अधिकारी को दर्ज केसों को गम्भीरता से लेकर पैरवी करने के निर्देश दिए, साथ ही आईओ के साथ ट्रेनिंग कर बेहतर कार्य करने को कहा। निर्माणदाई इकाइयों से तहसील क्षेत्रान्तर्गत आवासीय व अनावासीय भवनों की जानकारी लेते हुए निर्माणाधीन भवनों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पटवारी चौकियों के प्रस्ताव भेजने, वसूली के प्रकरणों में प्रगति लाने, आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास व विस्थापन के लम्बित मामलों का शीघ्र निस्तारण को कहा। आपदा से मानव, पशु एवं भवन क्षति का विवरण उपलब्ध कराने, आपदा क्षति का पूर्ण भुगतान सुनिश्चित करने, आपदा क्षति के इस्टीमेट उपलब्ध कराने, न्यायालय वादों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने, सरकारी परिसम्पतियों से अतिक्रमण हटाने को सर्वे कर चिह्निकरण कर फोटोग्राफ सहित साप्ताहिक रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम केके मिश्र, डीएसओ अरूण वर्मा, एआरटीओ चक्रपाणि मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी कैलाश बिंजौला, एसडीएम नरेन्द्रनगर देवेन्द्र नेगी, प्रतापनगर प्रेमलाल, देवप्रयाग सोनिया पंत, सीओ टिहरी एसपी बलूनी, ईई मीनल गुलाटी आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने किया आपदा प्रभावित गांवों का दौरा

उत्तरकाशी। गंगोत्री क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने आज विधानसभा क्षेत्र गंगोत्री के विकासखंड भटवाड़ी अंतर्गत ग्राम कुज्जन व जखोल, गोरशाली में भारी बारिश के कारण हुए भू-कटाव व भूस्खलन से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कुज्जन गांव में हो रहे भूधंसाव पर ग्रामीणों को आश्वास्त किया कि वे जिलाधिकारी से भूगर्भीय अध्ययन की रिपोर्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से मिलकर गांव के विस्थापन व पुनर्वास की मांग रखेंगे। जखोल, गोरशाली, द्वारी, पाही समेत अन्य गांवों मे लोगों के खेत खलियान व कृषि भूमि अतिवृष्टि की भेंट चढ़े हैं। जिस पर पूर्व विधायक ने तात्कालिक सुरक्षात्मक कार्य व आहेतुक धनराशि के लिए जिलाधिकारी से वार्ता करने की बात कही। उन्होंने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों को अस्वस्त किया कि संकट की घड़ी मे वे हर समय उनके साथ है और उनके हक की लड़ाई मे तत्परता से खड़े हैं। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व प्रमुख धर्म सिंह नेगी, ग्राम प्रधान कुज्जन महेश पंवार, पूर्व प्रधान अनिल रावत, सुदेश पंवार, सुनील रावत, उपेंद्र रावत, सतेंद्र पंवार आदि थे।

## सपा नेता मांगे माफीः डिमरी

चमोली। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान को लेकर तीर्थ पुरोहित, चार धाम के हकहकूकधारियों सहित सनातन धर्म के अनुनाइयों में भारी नाराजगी है। चारधाम तीर्थ पुरोहित हक हकूकधारी महापंचायत समिति के सचिव हरीश डिमरी ने कहा कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

# थत्यूड़ कांग्रेस ने मणिपुर घटना को लेकर किया प्रदर्शन



नई टिहरी। ब्लाक कांग्रेस कमेटी थत्यूड़ जौनपुर ने ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र रावत के नेतृत्व में थत्यूड़ बाजार चौराहे पर मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई शर्मनाक घटना पर केंद्र सरकार का पूतला फूंक कर रोष जाहिर किया। इस दौरान भाजपा की केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारें आपसी भाईचारा बिगाड़ने का निरंतर काम कर रहे हैं। इस घटना की जिम्मेदारी से बचने के लिए अन्य प्रदेशों को लेकर अनाप-शनाप बयानबाजी पर उतारू है। इस मौके पर कांग्रेसियों ने विधानसभा धनोल्टी के विकास कार्य ठप्प होने का आरोप लगाते हुए कहा कि थत्यूड़ से ढाणा सीएचसी रोड एवं सुवाखोली भवान मोटर मार्ग पर अलमस के पास पुल का निर्माण कार्य जो कि 1 वर्ष पूर्व से निर्माणाधीन है। आज तक पूरा नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार के विकास के बजाय शराब के ठेकों को खोलने का काम कर रही है। प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें ब्लाक महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रेशमा देवी, आईटी सेल प्रदेश सचिव नंदकिशोर नौटियाल एवं कांग्रेस के व्यापार प्रकोष्ठ के ब्लाक अध्यक्ष सुरेश नौटियाल का स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र रावत, महिला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रेशमा देवी, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष बसंती भारती, प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस बाला असवाल, प्रदेश सचिव कांग्रेस आईटी सेल नंदकिशोर नौटियाल, विजय गुसाईं, महिपाल रावत, भरत सिंह चौहान, गुरुदयाल सिंह रांगड़, महिपाल पंवार, दिनेश रावत, अमित बड़ियारी, चैन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# डीसीबी की मृतक किसानों के परिजनों के लिए ओटीएस स्कीम

नई टिहरी। सहकारिता विभाग से ऋण लेने के बाद मृतक किसानों के परिजनों के लिए डीसीबी टिहरी वन टाइम सेटमेंटर(ओटीएस) स्कीम लागू की है। स्कीम के तहत केवल मूलधन की जमा करना होगा। ब्याज का भुगतान बैंक और समिति वहन करेंगी। मूलधन जमा करने के बाद ऐसे काश्तकार सहकारिता के चुनाव और बैंक की योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सुभाष चंद रमोला ने पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि जिले में बीते वर्षों में 3405 ऐसे काश्तकार हैं, जिन्होंने बैंक और समितियों के माध्यम से ऋण लिया, लेकिन उनकी मृत्यु होने से उन पर बैंक का 5.21 करोड़ का मूल ऋण के साथ 3.19 करोड़ की ब्याज का बकाया है। सरकार ने ऐसे लोगों के परिजनों के लिए ओटीएस स्कीम लागू की है। 388 मृतकों के परिजनों ने ओटीएस स्कीम में आवेदन किया है। बताया ब्याज का 60 प्रतिशत समिति और 40 बैंक अपने संसाधनों से वहन करेगा। वार्ता में अध्यक्ष ने बीते पांच साल का लेखा जोखा भी रखा, बताया कि 2018 में बैंक की डिपॉजिट 758 करोड़ थी, जो बढ़कर 1100 करोड़ हो गई है। बैंक ने पांच साल में 591 करोड़ रुपये का ऋण बांटा। पांच साल के भीतर बैंक को नौ करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है। एनपीए वसूली में डीसीबी टिहरी ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। पूर्व के एनपीए को 12 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत पर लाया है। टिहरी में एसबीआई के बाद डीसीबी सर्वाधिक लाभ कमाने वाला बैंक बना है। बैंक ने राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत करीब 16 करोड़ का ऋण बांटा है। मौके पर बैंक महाप्रबंधक संजय रावत, उपाध्यक्ष विनोद रावत, निदेशक नरेश नेगी, जयप्रकाश चंद, सतपाल कलूड़ा, टीकाराम, गोविंद सिंह, डीजीएम बलवीर पुंडीर, नारायणी सिंह, संजीव कुमार, यशवंत भंडारी आदि उपस्थित थे।

## बकरी पालन कर आत्मनिर्भर बनें महिलाएं

हरिद्वार। शनिवार को लालढांग में लोक चेतना मंच रानीखेत के सौजन्य से लाला ओमप्रकाश ज्ञानदीप कन्या इंटर कालेज के प्रांगण में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांवों की 55 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की सरकार की योजना के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। नाबार्ड के क्षेत्रीय समन्वयक पवन कुमार सैनी ने बताया कि ग्रामीण महिलाएं बकरी पालन का कार्य आसानी से कर सकती हैं। जिसमें योजना बनाकर बैंक से ऋण एवं नाबार्ड से सब्सिडी की भी योजना है। बकरी पालन योजना में अनुसूचित जाति और जन जाति एवं बीपीएल परिवारों को नाबार्ड की ओर से 20 बकरियां निशुल्क देने की योजना है। अन्य लाभार्थियों को 60 फीसदी की छूट दी जा रही है। कार्यक्रम में कुसुम घिल्डियाल, मालती हालदार, आयुषी, सविता देवी, सोमवती देवी, गंगोत्री देवी, सूनीता देवी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पथरी में इमाम हुसैन की याद में निकाला ताजिया जुलूस

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांवों में मुस्लिम समाज की ओर से इमाम हुसैन की याद में ताजिए निकाले गए। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। अखाड़े के उस्ताद तैय्यब के नेतृत्व मे अखाड़े व ताजिए का जुलूस रवाना हुआ। जुलूस में शामिल अकीदतमंद ढोल ताशे की धुनों के साथ खेल, करतब दिखाते हुए आगे बढ़े। गांव धनपुरा, घिस्सुपुरा, इब्राहिमपुर में शानिवार को इमाम हुसैन की शहादत पर मोहर्रम पर ताजिए निकाले गए। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने ताजिए पर प्रसाद चढ़ाकर देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगी। अखाड़ा के उस्ताद मोहम्मद तैय्यब, सलीम अहमद, मोहम्मद जाकिर, शमशेर अली, सकील अहमद, सलीम अहमद, मोहम्मद यूसुफ, खुर्शीद, सकुर, रियासत, शमशाद, जब्बार, गफ्फार, बाली के नेतृत्व में अखाड़ेबाज हैरतअंगेज करतब किए गए। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दूसरे गांवों से भी लोग उमड़े। मोहर्रम रखने वाले मार्ग पर मुस्लिम समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से लोगों को हलीम, बिरयानी, सरबत, फल, पानी, चाय, हलवा आदि की व्यवस्था की गई। जिसमें शामिल अकीदतमंदों ने ताजिए की इबादत कर मन्नत के सेहरे चढ़ाए। पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए गांवों में पुलिस फोर्स लगाई गई। वहीं, पथरी एसएचओ, चौकी प्रभारी फेरुपुर अशोक रावत भी गांव में फोर्स के साथ गश्त पर रहे। घिस्सुपुरा में ताहिर के घर से साबरी मस्जिद होते हुए ताजिए व जुलूस बड़ी मस्जिद तक पहुंचा। वहीं, धनपुरा में शाह बस्ती, समंध अखाड़ा का जुलूस गलियों से होता हुआ झंडा चौक धनपुरा पहुंचा जहां युवाओं और बुजर्गों ने अखाड़े में हैरतंगेज करतब दिखाए। इब्राहिमपुर में भी ताजिया व अखाड़ा खेल जुलूस निकाला गया है। ताजिया कमेटी में मोहम्मद जाकिर, सलीम अहमद, मुस्तफा अंसारी, सकील अहमद, जब्बार, गफ्फार, तैय्यब, सकुर, मुंतजिर, रियासत अली, फारूक, ताजुल, ताहिर, रिजवान, साजिद अली, राशिद, सज्जाद, शमशाद, इस्तेकार बाली, मुंतियाज, फय्याज, रहमान, नफीस अहमद, हाजी बाबू, यूसुफ, हंशार, खुर्शीद अहमद, शमशाद, दिलशाद, निशार आदि मौजूद रहे ।

एसएचओ पथरी रमेश सिंह तनवार ने बताया कि पीएसी व कुछ एसआई तैनात किए गए हैं। संबंधित स्थानों पर गश्त की जा रही है। हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में मोहर्रम पर्व शांति पूर्वक बनाया जाएगा।

## गोदाम में चोरी में मुकदमा

रुड़की। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर गोदाम में चोरी के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार दिसंबर में टोल प्लाजा के समीप दवा के गोदाम का ताला तोड़कर चोरों ने करीब तीन लाख का सामान चोरी कर लिया था। गोदाम के इंचार्ज आनंद कुमार हाल निवासी भगवानपुर ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर चोरी का मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शिक्षा समागम पर सुना पीएम पीएम मोदी का संबोधन

चमोली। राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सजीव प्रसारण सुना गया। प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के नई दिल्ली स्थित भारत मण्डपम सभागार में आयोजित उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नई दिल्ली में एक चिंतन शिविर के रूप में किया गया।इससे पूर्व प्रथम चिंतन शिविर काशी के रुद्राक्ष सभागार में आयोजित किया गया था, उक्त समागम मे संबोधन से पूर्व पीएम द्वारा बालवाटिका गैलरी में विभिन्न आयु वर्ग के विधार्थियों एवं बाल वैज्ञानिकों से मुलाकात की गई। पीएम मोदी के इस भाषण में एक देश एक पाठ्यक्रम, समान शिक्षा प्रणाली, अनुवादिनी ऐप द्वारा देश व स्थानीय भाषाओं के सबलीकरण, दूरस्थ शिक्षा पोर्टल, विज्ञान और वैज्ञानिक साहित्य के प्रसार सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

# गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे पर जाम में फंसे यात्री

उत्तरकाशी। गंगोत्री और यमुनोत्री नेशनल हाईवे सुबह यातायात के लिए ठप रहे। यमुनोत्री हाईवे डबरकोट तथा गंगोत्री हाईवे सुनगर तथा स्वारीगाड में मलबा आने के कारण आवाजाही के लिए बंद रहे। इसके चलते यात्री खासे परेशान रहे। डबरकोट में हाईवे करीब दस घंटे बंद रहा। यात्री जगह-जगह वाहनों में जाम में फंसे रहे। शनिवार को गंगोत्री हाईवे तड़के सुनगर और स्वारीगाड में भारी मात्रा में मलबा गिरने के कारण यातायात के लिए बाधित हो गया था। हालांकि बीआरओ की मशीनरी ने हाईवे को करीब तीन घंटे बाद आवाजाही के लिए खोल दिया। यमुनोत्री हाईवे डबरकोट ओजरी में करीब दस घंटे बाद यातायात के लिए खुल सका। इस कारण यमुनोत्री धाम जाने वाले यात्री दिनभर परेशान रहे। भूखे प्यासे हाईवे पर फंसे यात्रियों ने मार्ग खुलने पर राहत की सांस ली।

# हरिद्वार में गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान के करीब पहुंचा



हरिद्वार। भीमगोड़ा बैराज पर गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण प्रशासन अलर्ट हो गया है। गंगा का जलस्तर शाम पांच बजे चेतावनी निशान के करीब 292.90 मीटर दर्ज हुआ। गंगा चेतावनी निशान से सिर्फ 10 सेंटीमीटर नीचे बह रही है।

पहाड़ों में हो रही बारिश के कारण हरिद्वार में गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। हाल के दिनों में गंगा का जलस्तर पांच दफा चेतावनी निशान को पार चुका है। वहीं एक दफा गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान तक पहुंचा है। शनिवार को भी भीमगोड़ा बैराज पर गंगा का जलस्तर बढ़ा रहा। इस कारण जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बाढ़ चौकियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। साथ ही गंगा किनारे रहने वाले लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने का आग्रह किया। संबंधित अधिकारियों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। दिन में कई दफा डीएम ने गंगा के जलस्तर की जानकारी यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों से ली। हालांकि गंगा चेतावनी निशान 293 से 10 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। बावजूद इसके गंगा के जलस्तर पर निगाह रखी जा रही है।

गंगा के तटीय इलाकों में बसे गांवों को अलर्ट में रखा गया है। बैराज पर तैनात यूपी सिंचाई विभाग के जेई हरीश कुमार ने बताया कि शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान के करीब पहुंच गया। शाम शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 292.90 मीटर रहा। गंगा का चेतावनी निशान 293 मीटर और खतरे का निशान 294 मीटर पर है।

## आयोग ने एई की लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी किए

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग ने शनिवार को उत्तराखंड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा-2021 की लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं। सहायक अभियंता (एई) की लिखित परीक्षा का आयोजन 13 से 18 अगस्त तक किया जाएगा। इस परीक्षा के प्रदेश में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। आयोग ने एक सितंबर 2021 को सहायक अभियंता (एई) के 166 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि आयोग की ओर से उत्तराखंड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा-2021 की लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। सहायक अभियंता की लिखित परीक्षा का आयोजन 13, 14, 16, 17 और 18 अगस्त को किया जाएगा।

# देवप्रयाग विधायक ने डीएम के सम्मुख क्षेत्र की समस्याएं रखीं

नई टिहरी। देवप्रयाग विधायक ने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर डीएम से मुलाकात की। विधायक ने देवप्रयाग में सीवर लाइन दुरस्त करने,नमामि गंगे के कार्यों में तेजी लाने, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रभावित काश्तकारों का भुगतान करने के साथ अन्य समस्यों के निराकरण को कहा।

देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने भाजपा के क्षेत्रीय शिष्टमंडल के साथ डीएम मयूर दीक्षित से मुलाकात की। उन्होंने डीएम को बताया कि रेल लाइन परियोजना से प्रभावित कई काश्तकारों को प्रतिकर भुगतान नहीं हो पाया है। एसएलओ दफ्तर के कार्मिक काश्तकारों को बेवजह परेशान कर रहे हैं। विधायक ने देवली, नैथाणा आदि गांव के ग्रामीणों को जंगली जानवरों से निजात दिलाने के लिये गांव की सीमाओं को तारबाड़ और घेरबाड़ सील करने करने, क्षेत्र में आपदा से क्षतिग्रस्त पुलिया, गूलों और संपर्क मार्गों के शीघ्र मरम्मत करने, ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर भूस्खलन जोनों का ट्रीटमेंट करने, श्रीदेव सुमन विवि के कैंपस नैखरी महाविद्यालय में अवस्थापना विकास के कार्यों को जल्द पूरा करने को कहा है। विधायक ने नगर पंचायत कीर्तिनगर में शौचालय निर्माण, पार्क सौंदर्यीकरण, सड़कों की मरम्मत के साथ क्षेत्र की अन्य समस्याओं के जल्द उचित निराकरण करने को भी कहा है। मौके पर भाजपा के मंडलध्यक्ष नरेंद्र कुंवर,रणजीत जाखी, विनोद चंद, शशि ध्यानी, प्रवेंद्र पंवार, विकास मेहरा, खुशीराम आदि मौजूद थे।

## नशीला पदार्थ पिलाकर महिला डॉक्टर की चेन निकाली

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र की एक कंपनी में कार्यरत महिला डॉक्टर को पानी में नशीला पदार्थ पिलाकर सोने की चैन निकाल ली। महिला डॉक्टर की सास की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पूछताछ में डॉक्टर का कहना है कि उन्हें कंपनी में मौजूद एएनएम पर शक है। घटना चार दिन पहले की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। डॉ. मोनिका गोयल निवासी, गोयल क्लीनिक ज्वालापुर ने शिकायत में कहा कि उसकी बहू डॉ.निहारिका शर्मा सिडकुल की एक कंपनी में बतौर डॉक्टर कार्यरत हैं

# बाढ़ प्रभावितों की पर्याप्त मदद पहुंचाए सरकार

हरिद्वार। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी ने बाढ़ प्रभावितों को पर्याप्त मदद देने की मांग की है। पत्रकारवार्ता के दौरान राजीव चौधरी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को आपदाग्रस्त घोषित किया जाए। बाढ़ से लक्सर, खानपुर आदि रुड़की क्षेत्रों की हालत बहुत खराब हैं। किसानों की फसलें पानी के कारण बर्बाद हो चुकी हैं। घरों में रखा राशन, कपड़े व अन्य जरूरी सामान जलभराव से खराब हो गया है। जलभराव से लोग आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं।

राजीव चौधरी ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सरकार से युद्ध स्तर पर प्रभावितों को राहत एवं आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि जिन लोगों के मकान गिर गए हैं एवं कृषि भूमि बर्बाद हो गई है। उन किसानों को 15000 रुपये प्रति बीघा, दैनिक मजदूर करने वालों को प्रति परिवार 10000 रुपये की सहायता दी जाए। पशुपालकों के सामने चारे की समस्या बनी हुई है। सरकार को सभी पशुपालकों को दो माह का भूसा उपलब्ध कराना चाहिए। श्रमिक नेता राजवीर सिंह चौहान ने कहा कि रानीपुर विधानसभा का हाल बेहद खराब है।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-पौड़ी

पत्रांक 802 /दो-लेखा/ग्रा0नि0वि0/2023-24 दिनांक 27/07/2023

## ''अल्पकालीन कोटेशन सूचना''

टैक्सी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय को शासकीय कार्यों के सम्पादन/निरीक्षण हेतु दो डीजल चलित बुलेरो वाहन अथवा समतुल्य डीजल चलित वाहन किराये पर रखने की आवश्यकता है। इस हेतु मुहरबन्द कोटेशन आमन्त्रित किये जाते है।

इच्छुक वाहन स्वामी दैनिक किराये की दरों वाहन चालक सहित/बिना वाहन चालक (पृथक-पृथक) व अन्य वांछित दस्तावेजों सहित अपना कोटेशन इस कार्यालय को दिनांक 09.08.2023 सांय 1:00 बजे अपराह्न तक बंद लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करा सकते है। विलम्ब से प्राप्त कोटेशन पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। वाहन से सम्बन्धित शर्ते निम्नवत है।

..........**शर्ते**.......

01:- वाहन का पंजीकरण जनपद पौड़ी के परिवहन कार्यालय में होना आवश्यक है। जनपद के परिवहन कार्यालय में पंजीकृत वाहन उपलब्ध न होने पर निकटवर्ती जनपदों के परिवहन कार्यालय में पंजीकृत वाहनों पर विचार किया जा सकता है।

02:- वाहन का मेक मॉडल वर्ष 2022 से पुराना नहीं होना चाहिए।

03:- नये वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी।

04:- वाहन का अनुबन्ध 01 वर्ष का होगा। आवश्यकतानुसार परस्पर सहमति पर अनुबन्ध आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

05:- वाहन में मात्र ईधन विभाग द्वारा देय होगा। वाहन स्वामी को कोटेशन के साथ वाहन के औसत ईधन खपत की मात्रा से अवगत कराना अनिवार्य है।

06:- वाहन का औसत माइलेज कम से कम 12 कि0मी0 प्रति लीटर अनिवार्य है।

07:- कोटेशन दाता वाहन किराऐं की दरें जी0एस0टी0 रहित ही उपलब्ध कराऐं।

08:- चालक सहित वाहन चालक का वेतन, वर्दी आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था वाहन स्वामी को करनी होगी विभागीय वाहन चालक हेतु समस्त व्यवस्था विभागीय होगी।

09:- इंजन ऑयल एवं अन्य समस्त मरम्मत कार्यो का व्यय वाहन स्वामी द्वारा वहन किया जायेगा।

10:- वाहन आवश्यकता के अनुरूप अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा।

11:- वाहन की सुरक्षा, मरम्मत सर्विसिंग आदि की पूर्ण जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी विभागीय वाहन चालक इस हेतु जिम्मेदार नहीं होगा।

12:- कोटेशन के साथ वाहन की आर0सी0, परमिट इन्श्योरेन्स, ड्राइविंग लाइसेन्स, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं तत्सम्बन्धी समस्त अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियों संलग्न करना आवश्यक है।

13:- वाहन का परमिट समस्त उत्तराखण्ड का होना आवश्यक है।

14:- विभाग द्वारा किराया दैनिक आधार पर मासिक रूप से दिया जायेगा।

15:- यात्रा के दौरान यदि वाहन में कोई खराबी आती है तो स्वामी को तत्काल दूसरे वाहन की व्यवस्था करनी होगी। ऐसी न करने पर लिये गये वैकल्पिक वाहन के किराये की कटौती वाहन स्वामी के बिल से की जायेगी।

16:- अर्ह कोटेशन प्राप्त होने पर अनुबन्ध की कार्यवाही हेतु रू0 5000.00 धरोहर धनराशि जो कि एफ0डी0आर0 के रूप में हो तथा अधोहस्ताक्षरी के नाम बंधक हो, अनिवार्य रूप से कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना होगा।

17:- किन्हीं भी कारणों से वाहन स्वामी द्वारा हटाए जाने की दशा में न्यूनतम एक माह पूर्व लिखित में कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

18:- बिन्दु संख्या 17 के अनुसार समय से लिखित आवेदन प्रस्तुत नहीं किये जाने पर जमा धरोहर धनराशि राज्यसात् कर दी जाऐगी।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड-पौड़ी**

# अविश्वास ही संकट है!

आखिरकार मणिपुर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पक्ष सुनने के लिए विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लेना पड़ा है। भारत का लोकतंत्र जिस मुकाम पर पहुंच गया है, उस पर यह एक अत्यंत नकारात्मक टिप्पणी है।

संसदीय लोकतंत्र के लिए यह बेहद अफसोस की बात है कि विपक्ष को प्रधानमंत्री से एक खास मुद्दे पर बयान दिलवाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव पेश करना पड़ा है। चूंकि संसदीय लोकतंत्र में सरकार का नेतृत्व प्रधानमंत्री करते हैं, इसलिए अविश्वास प्रस्ताव पर हुई बहस का जवाब देना उनका कर्त्तव्य होता है। इसलिए संसद के मानसून सत्र की शुरुआत से मणिपुर की स्थिति पर प्रधानमंत्री से बयान की मांग कर रहे विपक्ष को आखिरकार नरेंद्र मोदी का पक्ष सुनने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का सहारा लेना पड़ा है। भारत का लोकतंत्र जिस मुकाम पर पहुंच गया है, उस पर यह एक अत्यंत नकारात्मक टिप्पणी है। पहली बात तो यह कि मणिपुर जैसी गंभीर होती जा रही समस्या पर अपेक्षित था कि प्रधानमंत्री बहुत पहले वहां के लोगों से संवाद शुरू कर चुके होते। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। संसद का मौजूदा सत्र शुरू होने के दिन मणिपुर के वायरल हुए एक कलंकपूर्ण वीडियो पर उन्होंने दुख जरूर जताया, लेकिन साथ ही उन्होंने उसकी अन्य राज्यों के हाल से तुलना कर मामले को सियासी रंग भी दे दिया। उस रोज से दोनों सदनों में विपक्ष प्रधानमंत्री से वक्तव्य की मांग कर रहा है। लेकिन प्रधानमंत्री ने उसकी अनसुनी कर रखी है। कहा जाता है कि संवाद से भरोसा बढ़ता है, जबकि संवादहीनता अविश्वास पैदा करती है। वर्तमान सरकार ने सत्ता में आने के बाद विपक्ष से संवादहीनता को एक नीति के रूप में अपना रखा है। विपक्षी नेताओं से नियमित संवाद, राष्ट्रीय एकता परिषद या राष्ट्रीय विकास परिषद जैसे मंचों को एक तरह से समाप्त कर दिया गया है, जबकि व्यापक राष्ट्रीय संवाद का वे एक उचित मंच थे। कठिन या अपने माफिक ना दिखने वाले मुद्दों पर चुप्पी नरेंद्र मोदी की राजनीतिक शैली का हिस्सा बनी रही है। इससे दोनों पक्ष एकतरफा संवाद करते सुने जाते हैं। इससे अविश्वास की खाई बढ़ी है और एक दूसरे के प्रति अपेक्षित सम्मान की भावना का निरंतर ह्रास हुआ है। नतीजतन लोकतांत्रिक परंपराएं आज जख्मी हाल में दिखती हैं। इन परिस्थितियों में अविश्वास प्रस्ताव का दायरा संसद तक सीमित नहीं दिखता। यह पूरे राजनीतिक माहौल को अपनी जद में ले चुका है।

# चुप रह जाने के भी कुछ फायदे हैं

**राजनीतिक रूप से देखें तो चुप रहने की रणनीति के कई पहलू हैं। पहला, चुप रहिए और इंतजार कीजिए कि समस्या अपने आप खत्म हो जाए। ज्यादातर मामलों में ऐसा होता है क्योंकि ज्यादातर समस्याएं ट्रैफिक लाइट की तरह होती हैं। थोड़ इंतजार करने पर लाल बत्ती हरी होती ही है। लेकिन जब समस्या ट्रैफिक लाइट की तरह नहीं हो तब वह अपने आप समाप्त नहीं होती है। उससे निपटने के लिए गंभीर और सक्रिय प्रयास करने होते हैं। सो, कुछ मामलों में चुप रहने और इंतजार करने के फायदे हैं तो कुछ मामलों में देरी से यह बहुत नुकसानदेह हो जाता है, जैसा कि मणिपुर के मामले में हो रहा है। सरकार इंतजार करती रही और समस्या गहरी हो गई। इस रणनीति का दूसरा पहलू है समस्या को स्वीकार नहीं करना। चुप रहने का एक मतलब यह भी होता है कि समस्या नहीं है या हम नहीं मानते कि कोई समस्या है। इसका फायदा यह होता है कि समर्थकों को समझाना आसान हो जाता है। अगर आप समस्या स्वीकार करते हैं तो फिर समर्थक बैकफुट पर आते हैं। अगर नेता समस्या को स्वीकार नहीं करेगा तो समर्थक मानते रहेंगे कि विपक्ष झूठा प्रचार कर रहा है, कोई समस्या नहीं है या जो समस्या दिख रही है वह कोई मास्टरस्ट्रोक है। चीन की घुसपैठ से लेकर अर्थव्यवस्था तक के मामले में ऐसा ही हो रहा है।**

**अजीत द्विवेदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व और उनकी राजनीति में कई चीजें एक्स्ट्रीम वाली हैं। जैसे कई बार लगता है कि वे बहुत बोलते हैं। उनकी पार्टी की ओर से कहा भी जाता है कि अब जाकर भारत को बोलने वाला प्रधानमंत्री मिला है। तो दूसरी ओर कई बार वे पूरी तरह से चुप हो जाते हैं। एकदम ही नहीं बोलते हैं। कायदे से दोनों के बीच की स्थिति होनी चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं है। प्रधानमंत्री हर मंच से लंबे लंबे भाषण देते हैं। सरकारी कार्यक्रम हो, संसद का मंच हो या चुनावी सभा हो हर जगह उनको बोलना पसंद है। भारत में एक प्रधानमंत्री हुए थे पीवी नरसिंह राव, जिनको मौनी बाबा कहा जाता था। वे एकदम नहीं बोलते थे। उन्होंने चुप रह जाने को एक रणनीतिक हथियार बना लिया था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कई बार चुप रह जाना जवाब देने से बेहतर होता है।

अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी किताब 'संसद के तीन दशक' में एक घटना का जिक्र किया है। जब वे पहली बार 1957 में लोकसभा पहुंचे थे तब वे बहुत कम बोलते थे। एक बार उनको पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा कि तुम बोलते नहीं हो नौजवान, तुमको बोलना चाहिए। तब वाजपेयी ने जवाब दिया था कि 'बोलने के लिए सिर्फ वाणी की जरूरत होती है लेकिन चुप रहने के लिए वाणी और विवेक दोनों की जरूरत होती है'। ज्यादा बोलने वाले सांसदों के सामने नेहरू कई दिन तक यह बात दोहराते रहे थे।

सो, चुप रहना कई बार विवेकशील फैसला होता है। पीवी नरसिंह राव की चुप्पी उसी श्रेणी में आती थी। लेकिन कई बार चुप्पी किसी समस्या या अपनी विफलता को अस्वीकार करने के लिए होती है। प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार इसलिए चुप रह जाते हैं कि अगर बोलेंगे तो समस्या की मौजूदगी को स्वीकार करना होगा या अपनी विफलता स्वीकार करनी होगी। इसे कई घटनाओं के समय देखा जा सकता है। मिसाल के तौर पर प्रधानमंत्री किसानों के आंदोलन के समय एक साल तक चुप रहे थे। चीन की घुसपैठ और गलवान घाटी में भारत व चीनी सैनिकों की झड़प पर उन्होंने सिर्फ एक बयान दिया कि, न कोई घुसा है और न कोई घुस आया है। कोरोना महामारी के समय जब दूसरी लहर से देश में तबाही मची थी तब प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की अपनी चुनावी रैलियां रद्द कीं और उसके बाद एकदम चुप हो गए। ठीक 20 दिन तक उन्होंने कुछ नहीं कहा और न कहीं दिखाई दिए। जब हालात सुधरने लगे तब जाकर प्रधानमंत्री के उच्चस्तरीय बैठक करने की खबर आई।

यही स्थिति मणिपुर की हिंसा के मामले में देखने को मिल रही है। मणिपुर में कुकी और मैती




समुदाय के बीच तीन मई को हिंसा शुरू हुई थी। उस समय कर्नाटक में विधानसभा के चुनाव चल रहे थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धुंआधार रैलियां हो रही थीं, रोड शो हो रहे थे। उसके बाद से पिछले करीब तीन महीने में प्रधानमंत्री ने कई राज्यों का दौरा किय और कई देशों का दौरा किया। कई कार्यक्रमों में वर्चुअल तरीके से शामिल हुए। हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। यानी प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के लिए सब कुछ रूटीन में चलता रहा। सिर्फ मणिपुर पर कुछ नहीं बोले। वे निश्चित रूप से मणिपुर के हालात के बारे में जानकारी लेते रहे होंगे। यह भी संभव है कि उन्होंने हालात को काबू में करने के निर्देश भी दिए हों लेकिन तीन महीने में इस घटना पर कहा कुछ नहीं। हिंसा शुरू होने के 77 दिन बाद वे तब बोले, जब दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने और उनके साथ यौन हिंसा करने का वीडियो वायरल हुआ। उसमें भी साढ़े आठ मिनट तक मीडिया को दिए बाइट में वे 36 सेकेंड मणिपुर पर बोले और फिर दो चुनावी राज्यों– राजस्थान और छत्तीसगढ़ का नाम लेकर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सलाह दी कि वे अपने यहां कानून व्यवस्था मजबूत करें। इस तरह मणिपुर के पूरे मामले में एक नया ट्विस्ट आ गया। उस दिन से आज तक पूरी भाजपा विपक्षी पार्टियों को उनके राज्यों में हुई घटनाओं को लेकर कठघरे में खड़ा कर रही है।

राजनीतिक रूप से देखें तो चुप रहने की रणनीति के कई पहलू हैं। पहला, चुप रहिए और इंतजार कीजिए कि समस्या अपने आप खत्म हो जाए। ज्यादातर मामलों में ऐसा होता है क्योंकि ज्यादातर समस्याएं ट्रैफिक लाइट की तरह होती हैं। थोड़ इंतजार करने पर लाल बत्ती हरी होती ही है। लेकिन जब समस्या ट्रैफिक लाइट की तरह नहीं हो तब वह अपने आप समाप्त नहीं होती है। उससे निपटने के लिए गंभीर और सक्रिय प्रयास करने होते हैं। सो, कुछ मामलों में चुप रहने और इंतजार करने के फायदे हैं तो कुछ मामलों में देरी से यह बहुत नुकसानदेह हो जाता है, जैसा कि मणिपुर के मामले में हो रहा है। सरकार इंतजार करती रही और समस्या गहरी हो गई। इस रणनीति का दूसरा पहलू है समस्या को स्वीकार नहीं करना। चुप रहने का एक मतलब यह भी होता है कि समस्या नहीं है या हम नहीं मानते कि कोई समस्या है। इसका फायदा यह होता है कि समर्थकों को समझाना आसान हो जाता है। अगर आप समस्या स्वीकार करते हैं तो फिर समर्थक बैकफुट पर आते हैं। अगर नेता समस्या को स्वीकार नहीं करेगा तो समर्थक मानते रहेंगे कि विपक्ष झूठा प्रचार कर रहा है, कोई समस्या नहीं है या जो समस्या दिख रही है वह कोई मास्टरस्ट्रोक है। चीन की घुसपैठ से लेकर अर्थव्यवस्था तक के मामले में ऐसा ही हो रहा है।

एक तीसरा पहलू यह है कि समस्या तो है लेकिन उसमें हमारी कोई जवाबदेही या जिम्मेदारी नहीं है, जैसा किसान आंदोलन के समय हुआ। एक साल तक समस्या सुलझाने का आधा अधूरा प्रयास चलता रहा और उसके बाद एक दिन प्रधानमंत्री टेलीविजन पर आए और कहा कि शायद उनकी तपस्या में कुछ कमी रह गई होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के भले के लिए कानून बनाया था लेकिन उनको इसकी अच्छाइयों के बारे में समझा नहीं पाए। इस तरह अलग अलग समस्या के समय चुप रहने, समस्या को स्वीकार नहीं करने, जिम्मेदारी नहीं लेने या फिर तपस्या में कमी रह जाने की अलग अलग रणनीति अपनाई जाती है। यह छवि निर्माण की रणनीति का भी एक अहम हिस्सा है कि समस्या पर चुप रहा जाए या उसे स्वीकार नहीं किया जाए। क्योंकि किसी समस्या को लेकर जब शीर्ष पर चुप्पी रहती है तो वह मीडिया के लिए भी एक मैसेज होता है कि इसके बारे में ज्यादा नहीं दिखाना है। अगर मीडिया में कोई बात नहीं दिखाई जाएगी तो आम नागरिक के मानस में उसके लिए स्पेस नहीं बनेगा। नेतृत्व के प्रति नकारात्मक भाव न बने इसके लिए यह रणनीति अपनाई जाती है। इस रणनीति के कई फायदे हैं पर नुकसान यह है कि इससे कई बार समस्या हाथ से निकल जाती है और छोटा सा घाव नासूर बन जाता है। दूसरा नुकसान यह है कि आप अपनी छवि के लिए जो काम करते हैं दूसरे लोग उसका फायदा उठाने लगते हैं। जैसे मणिपुर के मामले में अभी मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री को कोई जवाबदेही नहीं लेनी पड़े इसलिए मुख्यमंत्री पर भी जवाबदेही नहीं डाली जा रही है।

# पृथ्वी की गर्मी पर दो खलनायकों की गरमागरमी



**श्रुति व्यास**

क्लाइमेट चेंज से जुड़े मसलों में राष्ट्रपति बाइडन के खास कूटनीतिज्ञ जान कैरी इस समय भारत में हैं। भारत आने से ठीक पहले वे चीन में थे। चीनियों से उनकी चर्चा काफी हद तक असफल रही। सच तो यह है कि शी जिनपिंग और उनके मातहतों ने कैरी से दो टूक कह दिया चीनी अपने हिसाब से, अपनी स्पीड से कार्बन डाइऑक्साइड प्रदूषण से निज़ात पाने का काम करेंगे।जाहिर है चीनियों को बीजिंग में बढ़ते तापमान और हीट वेव की फ़िक्र नहीं है, भले जीना दूभर हो। धरती के हालात उनकी प्राथमिकता नहीं हैं। उनकी प्राथमिकता ताकत दिखाना है। दुनिया को यह मानने के लिए मजबूर करना है कि चीन एक बहुत बड़ा और एक बहुत ताकतवर देश है।वह अपने हिसाब से काम करेगा।

दरअसल विकासशील देशों की तरह बीजिंग भी चाहता है कि पहले अमरीका यह माने कि अतीत में उसके द्वारा किया गया प्रदूषण ही क्लाइमेट चेंज के लिए ज़िम्मेदार है।

अमेरिका और चीन के संबंध ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से खराब होने शुरू हुए। ट्रंप ने चीन पर जलवायु को तबाह करने का आरोप लगाया। संबंधों में और कड़वाहट तब घुली जब ट्रंप ने कोविड वायरस को चीनी वायरस कहना शुरू किया। चीन से ट्रेड वॉर में ट्रंप ने चीन के क्लीन एनर्जी उत्पादों पर भारी कस्टम ड्यूटी लाद दी। बाईडन के आने के बाद भी दोनों देशों के रिश्तों में खास बदलाव नहीं आया है। नैंसी पैलोसी की ताईवान यात्रा, चीनी जासूसी गुब्बारों के अमेरिकी आकाश में तैरता पाए जाने, और चीन द्वारा अमरीका को टेक्नोलॉजी निर्यात में बाधाएं खड़ी करने के बाद से दोनों देशों

**अमेरिका और चीन के संबंध ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से खराब होने शुरू हुए। ट्रंप ने चीन पर जलवायु को तबाह करने का आरोप लगाया। संबंधों में और कड़वाहट तब घुली जब ट्रंप ने कोविड वायरस को चीनी वायरस कहना शुरू किया। चीन से ट्रेड वॉर में ट्रंप ने चीन के क्लीन एनर्जी उत्पादों पर भारी कस्टम ड्यूटी लाद दी। बाईडन के आने के बाद भी दोनों देशों के रिश्तों में खास बदलाव नहीं आया है। नैंसी पैलोसी की ताईवान यात्रा, चीनी जासूसी गुब्बारों के अमेरिकी आकाश में तैरता पाए जाने, और चीन द्वारा अमरीका को टेक्नोलॉजी निर्यात में बाधाएं खड़ी करने के बाद से दोनों देशों के बीच कटुता बहुत बढ़ गई है।**

के बीच कटुता बहुत बढ़ गई है।

तभी संबंधों में तनाव की गर्मी में ठंडे दिमाग से बातचीत भला कैसे हो सकती है! दोनों देश सांड़ों की तरह एक दूसरे से उलझे हैं। एक–दूसरे के साथ–साथ सारी दुनिया को चोट पहुंचा रहे हैं।तभी आशा नहीं थी कि जलवायु संबंधी चर्चा के दौरान दोनों देश अपने मतभेदों और नफरत को ताक पर रखकर पृथ्वी की फिक्र करेंगे। चीन का मानना है कि अमेरिका उस पर अपनी शर्तें लाद रहा है और क्या किया जाए, कैसे किया जाए इस बारे में उसे हुक्म के लहजे में बता रहा है। चीन द्वारा आधिकारिक रूप से जारी बातचीत के सकारात्मक विवरण में बताया गया कि वांग यी, जो विदेशी मामलों से संबंधित आला हुक्काम हैं और शी जिनपिंग के सलाहकार हैं, ने जॉन कैरी से कहा कि जलवायु संबंधी मामलों में अमेरिका के साथ सहयोग दोनों देशों के संबंधों के व्यापक कैनवास से अलग नहीं हो सकता।

# एनईपी2020: भारत का ज्ञान क्रांति की दिशा में मार्गदर्शन

**धर्मेन्द्र प्रधान**

ज्ञान शक्ति है। भारत की समृद्ध ज्ञान क्षमता वेदों और उपनिषदों में स्पष्ट है, जो सदियों से ज्ञान के विशाल स्त्रोत के रूप में कार्य कर रहे हैं। नालंदा और तक्षशिला जैसे हमारे प्राचीन भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ, भारत अतीत में एक अंतरराष्ट्रीय ज्ञान का केंद्र रहा है। समय के साथ, भारत की ज्ञान शक्ति और संपदा ने मुगल, मंगोल, ब्रिटिश, डच और पुर्तगालियों सहित बहुत लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा, जिन्होंने इतिहास की विभिन्न अवधियों में भारत पर आक्रमण किया, जिसके परिणामस्वरूप भारत के ज्ञान संपदा की भी अत्यधिक हानि हुई। लेकिन यह सर्वविदित और स्वीकृत तथ्य है कि आक्रमणकारी हमारी भूमि को लूट सकते थे और हमारे विश्वविद्यालयों को नष्ट कर सकते थे, लेकिन वे हमारी भूमि के गुरुओं और योगियों से सदैव पराजित हुए।

दूसरी औद्योगिक क्रांति के दौरान ब्रिटेन ने दुनिया का नेतृत्व किया, जबकि तीसरी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व अमेरिका ने किया। आज जब भारत, ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है तो अब समय आ गया है कि यह एक बार फिर ज्ञान का केंद्र बन जाए और नई और उभरती प्रौद्योगिकियों में तेजी से हो रही वृद्धि के साथ अब चौथी औद्योगिक क्रांति में दुनिया का नेतृत्व करे।

इन अपेक्षित परिवर्तनों के बीच, 2014 में, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की वैश्विक ज्ञान महाशक्ति में बदलने का दृष्टिकोण सामने रखा। 260 मिलियन से अधिक स्कूल जाने वाले बच्चों और 40 मिलियन से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त छात्रों के साथ, भारत की शिक्षा प्रणाली वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी शिक्षा प्रणालियों में से एक है। आम जनता सहित हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के पश्चात, 34 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का शुभारंभ किया गया। जैसे–जैसे हम 29 जुलाई, 2023 के करीब पहुंच रहे हैं, हम शिक्षा पर एक महाकुंभ 2–दिवसीय अखिल भारतीय शिक्षा समागम के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ मना रहे हैं।




राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पिछले तीन वर्ष महत्वपूर्ण उपलब्धियों के साक्षी बने हैं। भारत के इतिहास में पहली बार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को औपचारिक स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया गया है, इस साक्ष्य को मान्यता देते हुए कि बच्चे के संपूर्ण मस्तिष्क का 80 प्रतिशत से अधिक विकास 8 वर्ष की आयु से पहले होता है। इसके अतिरिक्त, 3–8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बुनियादी स्तर के पहले राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ–एफएस) के विकास में खेल–आधारित शिक्षाशास्त्र पर बल दिया गया है। इस रूपरेखा में बातचीत, कहानियां, संगीत, कला, शिल्प, खेल, क्षेत्रीय प्राकृतिक यात्राएं और सामग्री एवं खिलौनों के साथ इंटरैक्टिव खेल जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस दृष्टिकोण के एक उदाहरण के रूप में जादूई पिटारे (जादुई बक्सा) को स्कूलों को अपनाने के लिए तैयार किया गया है।

एनसीएफ–एफएस पर आधारित कक्षा 1 और 2 के लिए पाठ्यपुस्तकें जारी की गई हैं, जो 2026 तक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय निपुण भारत मिशन की पूरक हैं। स्कूली शिक्षा के लिए आगामी नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन (एनसीएफ–एसई) के अनुरूप लगभग 150 नई पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। ये अमृत काल की पुस्तकें होंगी और एनईपी–2020 के तहत बहुभाषी शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए इन्हें कम से कम 22 भारतीय भाषाओं में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ई–विद्या के माध्यम से पाठ्य–पुस्तकों के डिजिटल संस्करणों को सुलभ बनाया जा रहा है, जिससे न्यायसंगत और ऑन–डिमांड पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। एनईपी की सही भावना का प्रतिनिधित्व करने वाले उभरते भारत के लिए पीएम श्री स्कूल भी पूरे देश में स्थापित किए जा रहे हैं।

एनईपी 2020 ने सामान्य शिक्षा के साथ अपने एकीकरण और मुख्यधारा के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया है। हम स्कूल स्तर पर कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ करने के लिए समग्र शिक्षा और कौशल भारत मिशन के बीच सामंजस्य बना रहे हैं। छात्रों और स्कूल छोडऩे वाले विद्यार्थियों को व्यापक कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए स्कूलों में 5000 कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

इसके अलावा, एक एकीकृत राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) पेश किया गया है जो स्कूल, उच्च और कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा को क्रेडिट रखता है। एनसीआरएफ विभिन्न स्तरों पर एकाधिक प्रवेश और निकास को सक्षम बनाता है, जिससे छात्रों को अपने जीवन में किसी भी समय उच्च शिक्षा प्रणाली में फिर से प्रवेश करने की अनुमति मिलती है। मान्यता के लिए क्रेडिट छात्र के अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) में जमा हो जाएगा।

प्रौद्योगिकी छात्रों को ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम हासिल करने में सक्षम बना रही है, शिक्षार्थियों को अधिक सुग्राहयता प्रदान कर रही है और विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ा रही है। अब स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से भी क्रेडिट अर्जित किया जा सकता है और जल्द ही, भारत में अपनी तरह की एक डिजिटल यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी।

मांग–आधारित कौशल को सक्षम करने, एमएसएमई सहित नियोक्ताओं के साथ जुडऩे और उद्यमिता योजनाओं तक पहुंच की सुविधा के लिए एकीकृत इकोसिस्टम को और भी मजबूत किया गया है। हम कौशलपूर्ण उम्मीदवारों की वैश्विक गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने पर भी कार्य कर रहे हैं। युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मानक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और कुशल कार्यबल के लिए विदेशी अवसरों को बढ़ाने के उद्देश्य से 30 भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। उद्योग 4.0 की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार 330 से अधिक वर्तमान समयानुरूप पाठ्यक्रम विकसित किए गए हैं।

शिक्षण में भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के लिए, कई उच्च शिक्षा संस्थान अब कई भारतीय भाषाओं में तकनीकी कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। एआई अनुवाद उपकरण विभिन्न भारतीय भाषाओं में पाठ्य–पुस्तकों के अनुवाद की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। जेईई, एनईईटी और सीयूईटी जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाएं अब 13 भाषाओं में उपलब्ध हैं।

शिक्षा के अंतर्राष्ट्रीयकरण के क्षेत्र में, भारत के संस्थान विदेशों में परिसर स्थापित कर रहे हैं जबकि आईआईटी मद्रास का ज़ांज़ीबार–तंजानिया में अपने नियोजित परिसर के साथ वैश्विक रूप से विस्तार हो रहा है, इस महीने के प्रारंभ में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात में आईआईटी दिल्ली के परिसर को स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय विदेशी विश्वविद्यालय भी गुजरात की गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित कर रहे हैं, और निकट भविष्य में विदेशों में एक स्कूल बोर्ड सहित अन्य भारतीय संस्थानों की उपस्थिति का और विस्तार करने की महत्वाकांक्षी योजनाएँ हैं।

अमृत काल के अंतर्गत विकसित भारत का स्वप्न, अमृत पीढ़ी की आकांक्षाओं को पूरा करके ही साकार किया जा सकता है। कामकाजी आयु वर्ग में हमारी लगभग 65 प्रतिशत आबादी के साथ, हमें एक ऐसी उम्र के लिए रूपरेखा तैयार करनी चाहिए जिसमें आजीवन सीखने और कौशल की आवश्यकता हो।

वसुधैव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित होकर भारत 21 वीं सदी का वास्तविक नेता बनने के मार्ग पर है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस परिवर्तन को वर्तमान वास्तविकता से जोडऩे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वैश्विक नागरिक बनाने के दृष्टिकोण के साथ भारत की ज्ञान परंपराओं पर जोर देकर, इसमें विश्व स्तर पर कहीं भी ज्ञान–आधारित समाज बनाने के लिए एक मार्गदर्शक बनने की क्षमता है, खासकर गरीब और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए जो उपनिवेश की छाया से मुक्त होना चाहते हैं। अब जबकि एनईपी अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर रहा है, इसकी सफलता का मतलब 2047 तक एक विकसित भारत (विकसित भारत) तथा ज्ञान साझाकरण एवं शांति पर केंद्रित एक वैश्विक विश्व व्यवस्था होगी।

**(लेखक केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल**

# प्रगति थम गई है

गुजरे दशकों में जिन कई क्षेत्रों में प्रगति होती नजर आई थी, वहां इसमें ठहराव आ गया है। इस बात की ही मिसाल स्कूलों में लड़कियों के लिए सेनेटरी पैड्स के वितरण के मुद्दे को गंभीरता से ना लिया जाना है। देश में आम माहौल ऐसा है, जिसमें सामाजिक प्रगति और जन कल्याण के मुद्दे चर्चा से बाहर बने हुए हैं। इस कारण गुजरे दशकों में जिन कई क्षेत्रों में प्रगति होती नजर आई थी, वहां इसमें ठहराव आ गया है। इस बात की ही मिसाल स्कूलों में लड़कियों के लिए सेनेटरी पैड्स के वितरण के मुद्दे का चर्चा से बाहर हो जाना है। अब सुप्रीम कोर्ट ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने स्कूलों में पढऩे वाली लड़कियों के लिए माहवारी स्वच्छता पर एक समान राष्ट्रीय नीति के गठन पर जवाब दाखिल नहीं किया है। सुप्रीम की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यों की बेंच ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चेतावनी दी है, जो स्कूली लड़कियों के लिए मासिक धर्म से जुड़े स्वच्छता के मुद्दे पर एक समान नीति बनाने के मामले में केंद्र से सहयोग नहीं कर रहे हैं। इन राज्यों ने इस बारे में केंद्र सरकार को अपना जवाब नहीं सौंपा है। अब कोर्ट ने ऐसे राज्यों को 31 अगस्त तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र ने कोर्ट को बताया कि अब तक केवल चार राज्यों ने अपना जवाब दिया है। ये राज्य हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश हैं।

# दिल्ली अध्यादेश के विरोध में आप क्यों, इंडिया गठबंधन के बाद राज्यसभा से कैसे पास होगा बिल ?

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** आम आदमी पार्टी और भाजपा दिल्ली अध्यादेश को लेकर पिछले कुछ दिनों से आमने–सामने हैं। अब इसे अगले हफ्ते संसद में पेश किया जा सकता है। पिछले दिनों ही इसे केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। एक ओर जहां आप विरोधी दलों को इसके खिलाफ एकजुट करने की कोशिश में जुटी है वहीं, भाजपा आसानी से इस बिल को पास कराने की तैयारी में जुटी हुई है।

अध्यादेश राष्ट्रपति की तरफ से जारी होते हैं। जब संसद का सत्र नहीं चल रहा होता है तब जरूरत पड़ने पर इसी के तहत कानून बनाया जाता है। संसद सत्र चलने के दौरान अध्यादेश नहीं लाया जा सकता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 123 में अध्यादेश का जिक्र है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर राष्ट्रपति के पास अध्यादेश जारी करने का अधिकार है। ये अध्यादेश संसद से पारित कानून जितना ही शक्तिशाली होता है। अध्यादेश के साथ एक शर्त जुड़ी होती है। अध्यादेश जारी होने के छह महीने के भीतर इसे संसद से पारित कराना जरूरी होता है। यही कारण है कि केंद्र को इसी सत्र में दिल्ली अध्यादेश लाना होगा क्योंकि शीतकालीन सत्र नवंबर–दिसंबर में होगा तब तक इसकी समय सीमा खत्म हो जाएगी।

अध्यादेश के जरिए बनाए गए कानून को कभी भी वापस लिया जा सकता है। अध्यादेश के जरिए सरकार कोई भी ऐसा कानून नहीं बना सकती, जिससे लोगों के मूल अधिकार छीने जाएं। मुख्य




न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 11 मई को फैसला सुनाते हुए कहा कि दिल्ली में जमीन, पुलिस और कानून–व्यवस्था को छोड़कर बाकी सारे प्रशासनिक फैसले लेने के लिए दिल्ली की सरकार स्वतंत्र होगी। अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर–पोस्टिंग भी कर पाएगी। उपराज्यपाल इन तीन मुद्दों को छोड़कर दिल्ली सरकार के बाकी फैसले मानने के लिए बाध्य हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने इस मामले में सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था। शीर्ष अदालत के 11 मई के फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण में थे। हालांकि, कोर्ट के फैसले के एक हफ्ते बाद 19 मई को केंद्र सरकार एक अध्यादेश ले आई। केंद्र ने 'गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली ऑर्डिनेंस, 2023' लाकर प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले का अधिकार वापस उपराज्यपाल को दे दिया। इस अध्यादेश के तहत राष्ट्रीय राजधानी सिविल सर्विसेज अथॉरिटी का गठन किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री, दिल्ली के मुख्य सचिव और गृह सचिव को इसका सदस्य बनाया गया है। मुख्यमंत्री इस अथॉरिटी के अध्यक्ष होंगे और बहुमत के आधार पर यह प्राधिकरण फैसले लेगा। हालांकि, प्राधिकरण के सदस्यों के बीच मतभेद होने पर दिल्ली के उपराज्यपाल का फैसला अंतिम माना जाएगा।

## पीएम मोदी के साथ मंच साझा करेंगे एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार, इंडिया गठबंधन के नेताओं में मचा हडकंप

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायन्स यानि इंडिया की तीसरी बैठक 25 और 26 अगस्त को मुंबई में होने वाली है। लेकिन उससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) सुप्रीमो शरद पवार 1 अगस्त को पुणे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच साझा करने वाले हैं। इस पर ब्लॉक के कुछ नेताओं ने चिंता जताई है।

पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के फ्लोर लीडर्स की बैठक के दौरान कुछ सदस्यों ने उस समारोह में पवार के मुख्य अतिथि होने पर चिंता जताई, जिसमें मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार से सम्मानित किया जाना है। सूत्र ने कहा कि ऐसे सुझाव आये कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे एनसीपी नेता से बात कर उनसे समारोह में शामिल नहीं होने का अनुरोध कर सकते हैं।

सूत्र ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के कुछ नेताओं को लगा कि जब समान विचारधारा वाले विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं, तो प्रधानमंत्री के साथ पवार का मंच साझा करने से बुरा प्रभाव पड़ेगा। सूत्र ने कहा कि मोदी के साथ मंच साझा कर पवार इंडिया ब्लॉक की छवि को नुकसान पहुंचाएंगे, जिसे बनाने में बहुत प्रयास करना पड़ा है और इससे लोगों के बीच एक गलत संदेश भी जाएगा। उनका कहना है कि पीएम मोदी ने ईस्ट इंडिया कंपनी की तुलना आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से की है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ताजिया में ब्लास्ट, 4 लोगों की मौत, 9 की हालत गंभीर

**बोकारो ,(एजेंसी)।** बोकारो जिला के बेरमो में मुहर्रम का जुलूस मातम में बदल गया। खेतको में ताजिया 11 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार की चपेट में आ गया जिसमें चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल है। जानकारी के मुताबिक बोकारो के बेरमो इलाके के खेतको में घटना सुबह करीब 6.00 बजे हुई। सभी मुहर्रम में ताजिया लेकर जा रहे थे, तभी वह 11000 वोल्ट के तार की चपेट में आ गया।

घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ताजिया उठाने के दौरान ऊपर से गुजर रही 11 हजार की हाइटेंशन लाइन ताजिए में सट गई, जिससे ताजिया के जुलूस में रखी बैट्री ब्लास्ट हो गया। लोगों ने तत्काल सभी घायलों को डीवीसी बोकारो थर्मल अस्पताल इलाज के लिए भर्ती कराया। वहीं लोगों ने अस्पताल में एम्बुलेंस न होने और बद इंतजामी को लेकर काफी हंगामा किया। हालांकि बाद में घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बोकारो भेजा गया है।

## खिलाड़ियों की सेहत के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा : मीत हेयर

**चंडीगढ़ ,(एजेंसी)।** पंजाब इंस्टीट्यूट आफ स्पोर्टस (पीआईएस) के मोहाली सैंटर में खिलाड़ियों के सुबह के खाने के दौरान सेहत ख़राब होने की आयी मीडिया रिपोर्टों का गंभीर नोटिस लेते हुये पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने जांच के आदेश देते हुये तीन दिनों के अंदर कार्रवाई रिपोर्ट माँगी है।

मीत हेयर ने विभाग के विशेष मुख्य सचिव को इस सभी मामले की जांच करके इसकी एक्शन टेकन रिपोर्ट तीन दिनों के अंदर सौंपने के लिए कहा है। खेल मंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों की सेहत के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा और सरकार खिलाड़ियों की सेहत एवं सुरक्षा के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि यदि इस मामले में लापरवाही सामने आई तो दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## सिद्दारमैया के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट करने वाली भाजपा कार्यकर्ता गिरफ्तार, मिली जमानत

**बेंगलुरु ,(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के परिवार के खिलाफ कथित अपमानजनक ट्वीट के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार सुबह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महिला कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया, लेकिन बाद में शहर की एक अदालत ने उसे जमानत दे दी। कुछ दिन पहले भाजपा कार्यकर्ता एचएस शकुंतला ने ट्वीट कर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से पूछा था कि क्या वह कॉलेज के वॉशरूम के अंदर छात्राओं के फिल्मांकन को महज बच्चों का खेल कहेंगे।भाजपा कार्यकर्ता शंकुथला ने सिद्धारमैया को टैग करते हुए ट्वीट किया, कांग्रेस के मुताबिक कॉलेज के वॉशरूम के अंदर छात्राओं की वीडियोग्राफी करना महज बच्चों का खेल है। क्या मुख्यमंत्री इसे बच्चों का खेल कहेंगे, अगर उनकी बहू या पत्नी इसकी शिकार हुई हों। इस मुद्दे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उडुपी में कथित तौर पर मामले को दबाने के लिए राज्य सरकार को घेरते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कर्नाटक भाजपा ने झूठे मामले दर्ज करने और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की।इस बीच, उडुपी में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अदालत ने शुक्रवार को काडेकर में नेत्र ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ अलाइड हेल्थ साइंसेज की तीन महिला छात्रों को अग्रिम जमानत दे दी, जिन पर वॉशरूम में अपने कॉलेज के साथी का ताक–झांक वीडियो रिकॉर्ड करने का आरोप है।

## दिल्ली में खतरे के निशान से ऊपर बह रही यमुना

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के अनुसार, दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और शनिवार सुबह 10 बजे जल स्तर 205.34 मीटर दर्ज किया गया। सीडब्ल्यूसी ने कहा कि बढ़ोतरी का एक कारण बीती रात की भारी बारिश को माना जा रहा है। बाढ़ जैसे हालात को देखते हुए यमुना के आसपास के इलाकों के ज्यादातर लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान में हल्की से भारी बारिश होने की संभावना है। यमुना ने 45 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया और 13 जुलाई को अपने उच्चतम स्तर 208.65 मीटर पर पहुंच गई, जिससे कई निचले इलाके जलमग्न हो गए और सडक़ों पर पानी भर गया।

## भाजपा की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी में हिमाचल का एक भी नेता शामिल नहीं, पंजाब को मिल गई जगह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी का बहुप्रतीक्षित सांगठनिक पुनर्गठन करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नए केंद्रीय पदाधिकारियों की आज घोषणा कर दी, जिनमें नौ महिलाएं एवं दो मुस्लिम शामिल हैं। नई टीम में हिमाचल के किसी भी नेता का नाम शामिल नहीं है। यानी कि हिमाचल को इसमें जगह नहीं मिली है।

राज्यबार बात करें तो छत्तीसगढ़ से तीन, राजस्थान से तीन, मध्य प्रदेश से तीन, उत्तराखंड से एक, झारखंड से दो, बिहार, दिल्ली, केरल, तेलंगाना और पंजाब से दो–दो, असम, ओडिशा और नागालैंड से एक–एक नेता को कार्यकारिणी में जगह दी गई है, जबकि सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश से सात नेताओं को नई टीम में



स्थान मिला है। पार्टी महासचिव एवं केंद्रीय कार्यालय के प्रभारी अरुण सिंह ने आज सुबह यह सूची जारी की, जिसमें 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आठ राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, सहसंगठन महामंत्री, 13 राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं सह कोषाध्यक्ष शामिल हैं। इन पदाधिकारियों में नौ महिलाएं हैं। राष्ट्रीय महासचिवों में इस बार किसी महिला को स्थान नहीं मिला है, लेकिन 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्षों में पांच और 13 राष्ट्रीय सचिवों में चार महिलाएं हैं।

## हनी ट्रैप में फंसा डीआरडीओ का वरिष्ठ साइंटिस्ट

**पुणे ,(एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन का एक साइंटिस्ट पाकिस्तान की एक महिला जासूस के जाल में फंसकर हनी ट्रैप का शिकार हो गया। हनी ट्रैप के शिकार साइंटिस्ट ने उक्त पाकिस्तान महिला जासूस को देश की खतरनाक ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना पर खुफिया रिपोर्ट दिखाने का वादा किया था।

इसका खुलासा महाराष्ट्र के आतंकवाद–रोधी दस्ते (ङ्गञ्ज्स्) की जांच में हुआ है। ्ञ्जस् ने जांच में बताया कि वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर ने व्हाट्सएप चैट में कहा था कि ब्रह्मोस मिसाइल की बहुत खुफिया रिपोर्ट वह एक पाकिस्तानी महिला जासूस को दिखाएंगे। पाकिस्तानी महिला जासूस ने वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर से निजी मुलाकात के दौरान खुद को जारा दासगुप्ता के तौर पर पेश किया था।

## अस्पतालों में टेस्ट को मिल रही लंबी तारीखें

### जयराम ने स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर कोसी प्रदेश सरकार

**शिमला, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। प्रदेश की राजधानी में स्थित मेडिकल कॉलेज में ही एमआरआई के लिए दो महीने बाद की तारीख़ मिल रही है। छोटी–मोटी जांच के लिए लोगों को एक हफ़्ते तक इंतज़ार करना पड़ रहा है। जब तक जांच की रिपोर्ट नहीं आती, तब तक डॉक्टर दवा नहीं लिख सकता है। प्रदेश के कोने–कोने से लोग यहां आते हैं और जांच न हो पाने की वजह से बिना दवाई के वापस लौट रहे हैं।

दूसरी बार आने में मरीजों का समय और पैसा दोनों खर्च हो रहा है, समय से इलाज न मिलने से स्वास्थ्य का जोखिम अलग है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था परिवर्तन की उम्मीद प्रदेश के लोगों को सरकार से नहीं थी।



उन्होंने कहा कि सरकार दावा करती है कि मरीज़ों को अस्पताल में सभी जांचों की सुविधा मिलेगी, लेकिन हालत यह है कि दो–दो महीने बाद जांच की तारीख़ मिल रही है। यह हाल सिर्फ़ एमआरआई के लिए नहीं है, सीटी–स्कैन से लेकर सामान्य पैथोलॉजी की जांच के लिए भी लोगों को महीना बाद की तारीखें दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार में जो व्यवस्था हमने बना रखी थी वर्तमान सरकार उसे भी नहीं संभाल नहीं पा रही हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के लोगों को इलाज के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए हमने आयुष्मान योजना के दायरे में न आने वाले लोगों के लिए हिमकेयर योजना की शुरुआत की। प्रदेश के साढ़े तीन लाख लोगों को इस योजना का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुनिश्चित करें कि लोगों कि इलाज में कठिनाई न आए।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि तीन दिन पहले नाहन मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेंडर ख़त्म होने से एक महिला की मौत हो गई थी। ऑक्सीजन ख़त्म होने से किसी की मौत हो जाना प्रदेश सरकार के लिए शर्मनाक हैं। कोरोना के समय प्रदेश मात्र एक पीएसए ऑक्सीजन प्लांट था, पूर्व सरकार में हमनें 47 नए पीएसए प्लांट लगवाए। ऑक्सीजन युक्त बिस्तरों की संख्या 120 से बढ़-ाकर 3069 की वेंटिलेटर के मात्र 32 बिस्तर थे, हमने बढ़ाकर 1014 किए। इसके बाद भी प्रदेश में इस तरह की घटना बहुत चिंताजनक है।

## हिमाचल में बारिश का कहर जारी, नेशनल हाईवे 5 बंद

### लोगों ने वाहनों में गुजारी रात, भूस्खलन से 466 सडक़ें बंद

**शिमला ,(एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में बारिश का कहर लगातार जारी है। राष्ट्रीय राजमार्ग 5 रामपुर के ब्रौनी खड्ड में भूस्खलन से फिर बंद हो गया है। इससे किन्नौर जिले व सीमावर्ती क्षेत्रों का अन्य भागों से सडक़ संपर्क कट गया है जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निगुलसरी के पास मार्ग अवरुद्ध हुआ है। मार्ग को बहाल करने के लिए एनएच (5) प्राधिकरण ने मशीन लगाई है। लेकिन भारी बारिश व पत्थरों के गिरने से मार्ग बहाल नहीं हो पाया। अवरुद्ध मार्ग के दोनों तरफ फंसे लोगों को वाहन में ही रात गुजारनी पड़ रही है। वहीं, शुक्रवार सुबह जैसे ही निगुलसरी मार्ग बहाल हुआ।अचानक चौरा के समीप भारी चट्टान गिरने से एनएच 5 पुनः अवरुद्ध हो गया है। बधाल, ज्यूरी, निगुलसरी आदि स्थानों में फंसे वाहन व यात्रियों को एक बार पुनः मायूस होना पड़ा। पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के बाद एनएच 5 जगह–जगह से अवरुद्ध हो रहा है। कनिष्ठ अभियंता सतीश जोशी ने कहा कि मार्ग बहाली के लिए मशीन लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सडक़ को जल्द बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह ककस्थल वांगतू नेशनल हाईवे के साथ लगते मकान पर अचानक पहाड़ी से पत्थरों के गिरने से कमरें व छत को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि एक पालतू कुत्ते के पत्थर की चपेट में आने से मरने की सूचना मिली है। मौके पर थाना की टीम पहुच गई है। इसके इलावा चंडीगढ़–मनाली एनएच मंडी के पुल घाट के पास चट्टानें गिरने से करीब डेढ़ घंटे बंद रहा। इस दौरान वाहनों की लंबी लाइन लग गई। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, मुंछाड़ा पंचायत के कोटसारी गांव में भूस्खलन से तीन घरों में दरारें आ गईं हैं। इससे तीन परिवार बेघर हो गए हैं। प्रभावित लोगों को लाखों रुपये का सामान खुले आसमान के नीचे रखना पड़ रहा है। उधर, किन्नौर के नाथपा गांव की पहाड़ी से पिछले चार दिनों से लगातार चट्टानें गिर रही हैं। गुरुवार शाम भी यहां पहाड़ी से बड़ी मात्रा में भूस्खलन होने से गांव को खतरा पैदा हो गया है। इसके बाद नाले के साथ मौजूद गांव के चार घरों को खाली करवा दिया गया है। भूस्खलन से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। उधर, प्रशासन की ओर से अभी तक कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा है।राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि भूस्खलन से 466 सडक़ें यातायात के लिए ठप्प थीं। शिमला जिले से सबसे ज्यादा 220 और कुल्लू में 115 सडक़ें बंद हैं। वहीं, राज्य में 552 बिजली ट्रांसफार्मर भी बाधित हैं। इसी तरह 204 जलापूर्ति योजनाएं भी बाधित चल रही हैं। शिमला, कुल्लू व मंडी में सबसे ज्यादा बिजली ट्रांसफार्मर बाधित हैं।

हिमाचल में हुए मानसून जून से 27 जुलाई तक प्रदेश में 5491.99 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो चुका है। कोई 183 लोगों की जान गई है जबकि 206 लोग जख्मी हुए हैं। बाढ़ से 687 मकान ढह गए, जबकि 7029 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस दौरान भूस्खलन की 68 और अचानक बाढ़ की 51 घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग ने अगले चार दिन राज्य में भारी बारिश की चेतावनी दी है। मैदानी एवं मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। तीन अगस्त तक राज्य में मौसम खराब रहेगा। लोगों व सैलानियों से अपील की गई है कि वे नदी–नालों के किनारों पर न जाएं। साथ ही भूस्खलन संभावित क्षेत्रों की यात्रा करने से बचें।

## इंस्टा पर प्यार, लडक़े से मिलने पाकिस्तान जा रही थी एक और लडक़ी, जयपुर एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सोशल मीडिया और पबजी जैसे गेम पर किस कदर ब्रेनवॉश किया जा रहा है, इसका एक और उदाहरण जयपुर में देखने को मिला। सीमा हैदर के बाद अंजू नाम की एक महिला फेसबुक लवर से शादी करने पाकिस्तान पहुंच गई। इस बीच एक ताजा मामला जयपुर से सामने आया है, जहां इंस्टाग्राम पर एक लडक़ी को लाहौर के लडक़े से दोस्ती हो जाती है और फिर वो उसका प्यार पाने के लिए पाकिस्तान जा रही थी, जिसे जयपुर एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया गया। जब इस लडक़ी से सवाल पूछे गए, तो उसके जवाब को सुनकर सिक्योरिटी हैरान रह गई।

जयपुर एयरपोर्ट पहुंचकर लडक़ी ने पाकिस्तान का टिकट मांगा, जिसके बाद सभी सन्न रह गए। उसकी उम्र देखकर वहां मौजूद टिकट मास्टर और सिक्योरिटी ने सोचा कि ये मजाक कर रही है।

मगर उसने जो कहानी बनाई, उससे ये समझ आ गया कि उसका ब्रेनवॉश हुआ है। इस लडक़ी को पाकिस्तानी लडक़े ने इस बात की ट्रेनिंग दी थी कि एयरपोर्ट पर उसे कैसे बात करनी है। जब शुरुआती सवाल हुआ तो लडक़ी ने बहाने में कहा कि 'वह तीन साल पहले इस्लामाबाद से भारत आई थी। अपनी बुआ के साथ उसी के घर रहती थी। उसका बुआ से झगड़ा हो गया है,

## तृणमूल कांग्रेस के निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य की हत्या

**कोलकाता ,(एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में चुनाव संबंधी हिंसा की कड़ी में दक्षिण परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य की हत्या कर दी गई है। घटना बीती देर रात मगराहाट में हुई और मृतक की पहचान मोइमुर घरामी के रूप में हुई है। इसके साथ, राज्य में हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों से जुड़ी हिंसा में मरने वालों की कुल संख्या बढक़र 55 हो गई है।

हमले के दौरान, घरामी के करीबी सहयोगी सहजन मोल्ला को गोली मार दी, जिसका एक स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस बीच, हत्या के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इलाके के स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि घरामी जब घर लौट रहा था तो अचानक अज्ञात बदमाशों के एक समूह ने उसे घेर लिया। घरामी पर पहले धारदार हथियार से वार किया गया और फिर करीब से गोली मार दी गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसे बचाने दौड़े मोल्ला को भी हमलावरों ने गोली मार दी। उपमंडलीय पुलिस अधिकारी मितुन डे के नेतृत्व में डायमंड हार्बर जिला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

डे ने कहा, मृतक दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट (पूर्व) ब्लॉक के अर्जुनपुर से निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य था। हाल ही में उनका कुछ स्थानीय असामाजिक तत्वों से झगड़ा हो गया था।

## सोनिया ने हरियाणा की महिला किसानों से कहा, राहुल के लिए लड़की ढूंढें

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने हरियाणा की दो महिला किसानों के साथ हलकी फुल्की बातचीत करते हुए राहुल गांधी के लिए उपयुक्त लडक़ी ढूंढने को कहा। महिला किसानों ने यहां गांधी परिवार के साथ दोपहर के भोजन पर महंगाई और अग्निवीर योजना जैसे विषयों पर भी चर्चा की। राहुल गांधी ने एक ट्वीट में कहा, कुछ खास मेहमानों के साथ मां, प्रियंका और मेरे लिए यादगार दिन! सोनीपत की किसान बहनों के दिल्ली दर्शन, उनके साथ घर पर खाना और ढेर साड़ी बातें। साथ में अनमोल उपहार मिले – देसी घी, मीठी लस्सी, घर का बना अचार और ढेर सारा प्यार मिला।

उन्होंने अपनी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी वाड्रा की हरियाणा के सोनीपत के किसानों के साथ बातचीत का वीडियो भी साझा किया, जिन्हें उन्होंने अपने आवास पर भोजन के लिए आमंत्रित किया था। इस महीने की शुरुआत में, राहुल गांधी ने सोनीपत में किसानों से मुलाकात की थी, जहां महिलाओं ने उनसे कहा था कि उन्होंने अभी तक दिल्ली नहीं देखी है। राहुल गांधी ने अपनी बहन को फोन कर महिला किसानों को दिल्ली में लंच पर बुलाया था। वीडियो में राहुल गांधी की शादी पर महिलाओं और सोनिया गांधी के बीच हल्की–फुल्की बातचीत दिखाई गई है।

महिला किसानों में से एक को सोनिया गांधी से यह कहते हुए सुना जा सकता है, राहुल जी की शादी कराओ, जिस पर कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) अध्यक्ष ने जवाब दिया, आप एक लडक़ी ढूंढिए। महिला किसानों ने प्रियंका गांधी से यह भी पूछा कि बचपन में उनकी मां ने उनके लिए क्या व्यंजन बनाए थे, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि चूंकि कश्मीरी पंडित प्याज और लहसुन नहीं खाते हैं, इसलिए वह कसुन बनाती थीं, जहां दही को सरसों के तेल के साथ गर्म किया जाता है और जब यह लाल और भूरा हो जाता है फिर इसमें मसाले मिलाए जाते हैं। वह कई अन्य व्यंजनों के अलावा खीर भी बनाती हैं। हालांकि उसने कुछ समय से खाना नहीं बनाया है, फिर भी सब जानती है। जब हम छोटे थे तो वह हमारे लिए खाना बनाती थी। तभी उनमें से एक महिला ने सोनिया गांधी को त्याग का प्रतीक बताया और कहा कि हम उनकी जितनी प्रशंसा करें, कम है। महिलाओं ने कहा, आपके परिवार ने पीढिय़ों से बलिदान दिया है। हम आपको सलाम करते हैं मां। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें आपसे मिलने का मौका मिला। महिलाओं में से एक ने बताया कि चीजें इतनी महंगी कैसे हो गई हैं कि वे उन्हें खरीद नहीं सकते।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे टमाटर की बढ़ती कीमतों के कारण, वे इन दिनों इसे खरीद नहीं सकते। इस पर सोनिया गांधी ने कहा, हां, हर चीज महंगी है।

एक आम आदमी 200 रुपये किलो टमाटर नहीं खरीद सकता और किसान धान के पौधे भी नहीं खरीद सकता। उन्होंने कहा कि एक किसान जमीन की जुताई करता है और उसके बाद ही उसे अपना भोजन मिलता है।महिला ने कहा, दिन–रात मेहनत करके गेहूं और चावल उगाने के बावजूद हम अपना खर्च पूरा नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि खाद और दवाओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब अग्निवीर योजना शुरू की गई थी तो कई युवाओं ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब युवाओं को चार साल में सेना छोडऩी होगी तो इस योजना का क्या फायदा?

# 128 साल बाद क्रिकेट की ओलंपिक में होगी वापसी! सिर्फ पांच टीमें ही ले सकेंगी हिस्सा



लंदन ,। क्रिकेट शायद ओलंपिक में वापसी की राह पर है। क्रिकेट के टी20 प्रारूप को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों की सूची में शामिल किए जाने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार पुरुष और महिला टी20 क्रिकेट टीमें ओलंपिक में पदक जीतने के पात्र होंगी। इससे पहले ओलंपिक में क्रिकेट को पहली बार पेरिस में 1900 के खेलों में एकमात्र स्वर्ण पदक मैच के साथ शामिल किया था।रिपोर्ट में कहा है कि ओलंपिक में क्रिकेट के प्रवेश के लिए मौजूदा प्रस्ताव में प्रत्येक प्रतियोगिता में पांच टीमें होंगी, जिनकी योग्यता अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बनाई गई रैंकिंग के आधार पर होगी और 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए इसे शामिल करने पर निर्णय वर्ष के अंत में लिए जाने की उम्मीद है। बेसबॉल/सॉफ्टबॉल, फ्लैग फुटबॉल, लैक्रोस, ब्रेक डांसिंग, कराटे, किकबॉक्सिंग, स्क्वैश और मोटरस्पोर्ट के साथ-साथ क्रिकेट 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों के लिए चुने गए नौ खेलों में से एक है। यह खेल चीन के हांगझू में आगामी एशियाई खेलों में पुरुष और महिला टी20 प्रारूप में खेला जाएगा।ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने से प्रसारण मीडिया अधिकारों की बिक्री पर असर पड़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मौजूदा ओलंपिक प्रसारण अधिकार व्यक्तिगत खेलों के लिए बेचे गए हैं और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए इसकी कीमत केवल 15.6 मिलियन पाउंड (20 मिलियन डॉलर) बताई गई है। लेकिन अगर भारतीय क्रिकेट टीमों को ओलंपिक में भाग लेने का आश्वासन दिया जाता है, तो 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक और बाद में 2032 ब्रिस्बेन ओलंपिक के लिए यह आंकड़ा 150 मिलियन पाउंड तक हो सकता है।रिपोर्ट में कहा गया है, इससे आईसीसी के दीर्घकालिक उद्देश्य की प्राप्ति भी होगी, ओलंपिक के प्रति अतीत की उदासीनता को हाल के वर्षों में विश्व स्तर पर खेल का विस्तार करने की इच्छा से बदल दिया गया है और इसके परिणामस्वरूप बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं का टी20 टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा।इसमें आगे कहा गया है कि अगर खेल 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में आता है, तो इंग्लैंड टीम ग्रेट ब्रिटेन के रूप में प्रतिस्पर्धा करेगा। टेक्सास और उत्तरी कैरोलिना में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के चल रहे उद्घाटन सत्र के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिकेट ने प्रमुख रूप से प्रवेश करना शुरू कर दिया है।

## स्थिति के कारण आपको बाहर बैठना पड़ता है : कुलदीप यादव

ब्रिजटाउन ,चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज पर भारत की पांच विकेट की जीत के दौरान शीर्ष श्रेणी के स्पिनर के गुणों का प्रदर्शन किया और 6 रन देकर 4 विकेट लिए। 28 वर्षीय बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज के सामने कई चुनौतियां हैं। दमदार प्रदर्शन के बावजूद वह टीम से अंदर-बाहर होते रहे हैं। कुलदीप ने खेल के तीनों प्रारूपों में प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाए हैं।हालांकि, भारत में स्पिन संसाधनों की प्रचुरता के कारण, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से उन्हें कई मैचों से बाहर रखा गया है। फिर भी, कलाई का स्पिनर इस तरह के उतार-चढ़ाव से अप्रभावित रहता है और अपने खेल के उन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता है जिन्हें वह नियंत्रित कर सकता है।कुलदीप ने कहा, आपको अक्सर स्थिति या संयोजन के कारण बाहर बैठना पड़ता है। यह एक सामान्य बात है। मैं इतने लंबे समय से क्रिकेट खेल रहा हूं – छह, साढ़े छह साल हो गए हैं (मेरे पदार्पण के बाद से) और बहुत सी चीजें सामान्य हो गई हैं।,मुझे जब भी मौका मिलता है मैं उस काम पर और अपनी गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देता हूं जो मुझे करना होता है, (ताकि मैं प्रदर्शन कर सकूं)। जब मैं नहीं खेलता तो मैं बहुत शांत रहता हूं क्योंकि मेरे ऊपर प्रदर्शन करने का कोई दबाव नही होता है।जब आप खेलते हैं तो दबाव होता है, लेकिन साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने का भी दबाव होता है। आप एक बड़ी टीम के लिए खेल रहे हैं, आप भारत के लिए खेल रहे हैं, बहुत सारे लोग आपको देख रहे हैं, आपका अनुसरण कर रहे हैं,

# 40 साल की उम्र में भी अपनी रफ्तार से टीम को अपना बेस्ट देना चाहते हैं श्रीसंत



हरारे , एक समय में सफ़ेद बॉल क्रिकेट में सबसे विस्फोटक गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले, भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस. श्रीसंत ने गेम-चेंजिंग ओवर के साथ जिम एफ्रो टी10 में खुद को पेश किया है ।

हाई-फ्लाइंग केप टाउन सैंप आर्मी के खिलाफ इयोन मोर्गन की अगुवाई वाली हरारे हरिकेंस के लिए आठ रनों का बचाव करते हुए, श्रीसंत ने पहले एक विकेट लिया और फिर एक रन आउट किया, जिससे हरिकेंस ने गेम टाई कर दिया और फिर सुपर ओवर में नाटकीय तरीके से जीत हासिल की।40 वर्षीय यह खिलाड़ी काफी खुश नजर आया और उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं और हरारे हरिकेंस टीम प्रबंधन को मुझे इस टूर्नामेंट में मौका देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। टीम प्रबंधन और सभी सदस्य मेरे दिल के बहुत करीब हैं और मैं बस एक मौके का इंतजार कर रहा था।

यह मैच बेहद रोमांचक था। श्रीसंत पहले भी कई हाई थ्रिलर मैच का हिस्सा रहे हैं, चाहे वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) हो या टीम इंडिया।

श्रीसंत ने कहा, यह हरारे हरिकेंस के लिए बहुत महत्वपूर्ण मैच था, हमें केप टाउन सैम्प आर्मी के खिलाफ यह गेम जीतना था, और मैं बहुत आभारी हूं कि मैं ऐसी दबाव की स्थिति में बुलाए जाने पर टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सका। मैं खेल के उस ऐतिहासिक अंत का हिस्सा बन सका, यहां तक कि 40 साल की उम्र में भी, तेज गेंदबाजी करना और अच्छी तरह से यॉर्कर डालना शानदार था। श्रीसंत ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं आभारी हूं, भगवान बहुत दयालु हैं।आईपीएल 2016 मैच फिक्सिंग के आरोपों में घिरे होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा प्रतिबंध के कारण श्रीसंत कई वर्षों तक खेल से दूर थे। कोर्ट केस जीतने के बाद उन्होंने क्रिकेट में वापसी की। हालांकि, केप टाउन सैम्प आर्मी के खिलाफ उस अंतिम ओवर ने साबित कर दिया कि खेल से दूर रहने का उनकी गेंदबाज़ी पर कोई असर नहीं पड़ा।भविष्य के बारे में बात करते हुए श्रीसंत ने कहा, मैं वास्तव में मानता हूं कि अगर हरारे हरिकेंस जिम एफ्रो टी10 में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और टूर्नामेंट जीतते हैं, तो चाहे मैं खेलूं या नहीं, मुझे इसका हिस्सा बने रहना है और मेरा लक्ष्य अपनी टीम के साथ खिताब जीतना है।

# जापान ओपन : लक्ष्य सीजन के तीसरे सेमीफाइनल में, सात्विक–चिराग बाहर



टोक्यो ,कनाडा ओपन 2023 के विजेता लक्ष्य सेन ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया, लेकिन भारत को एक झटका लगा, क्योंकि फॉर्म में चल रहे सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में हार गई। 16 जुलाई को यूएस ओपन के सेमीफाइनल में ऑल-इंग्लैंड 2023 चैंपियन ली शी फेंग से हारने वाले लक्ष्य ने कोर्ट 2 पर 47 मिनट के संघर्ष में जापान के कोकी वतनबे को जापानी राजधानी में योयोगी प्रथम जिम्नेजियम में सीधे गेम में 21-15, 21-19 से हराया।पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में, तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी चीनी ताइपे के ली यांग और वांग ची-लिन से 70 मिनट के मुकाबले में तीन गेमों में 15-21, 25-23, 16-21 से हार गए। दुनिया नं. 13 लक्ष्य सेन, जिन्होंने 10 जुलाई को कनाडा ओपन जीतने के लिए फाइनल में चीन के ली शी फेंग को हराया था, ने घरेलू पसंदीदा कोकी वतनबे के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के साथ इस बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 इवेंट में भारतीय ध्वज को फहराया। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता ने दौरे पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और शिखर मुकाबले में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न और इंडोनेशिया के जोनाथन कर्स्टी के बीच मैच के विजेता से होगा। भारत के अन्य पुरुष एकल खिलाड़ी एच.एस. प्रणय, जो अभी भी दौड़ में हैं, दिन के अंत में क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और डेनमार्क के पूर्व विश्व चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से भिड़ेंगे।

# पांचवें टेस्ट में चोटिल ऑलराउंडर मोईन अली की फिटनेस पर इंग्लैंड चिंतित

लंदन ,एशेज 2023 सीरीज में 1-2 से पिछड़ने और पांचवें और अंतिम टेस्ट में अपनी पहली पारी में 283 रन पर आउट होने के बाद, इंग्लैंड शेष भाग के लिए ऑलराउंडर मोईन अली की उपलब्धता पर चिंता में है।

मैच में इंग्लैंड के मुख्य स्पिनर मोइन शाम को द ओवल में इंग्लैंड की पहली पारी में विकेटों के बीच दौड़ते समय चोटिल हो गए और पहले दिन अंतिम सत्र में मैदान पर नहीं उतरे।ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में 61/1 से आगे खेलना शुरू करेगा और बड़ी बढ़त लेने की उम्मीद करेगा जबकि इंग्लैंड मोईन अली से अपनी स्पिन गेंदबाजी से उन्हें परेशान करने की उम्मीद कर रहा होगा। ओवल का विकेट टर्निंग के लिए प्रसिद्ध है और ऑस्ट्रेलिया मैच में आखिरी में बल्लेबाजी करेगा, मोईन की स्पिन गेंदबाजी एक बड़ा कारक हो सकती है।



इस प्रकार, इंग्लैंड का मेडिकल स्टाफ चोट की निगरानी करना जारी रखेगा, क्योंकि मोईन को समस्या के बाद किसी भी ताकत के साथ दौड़ने में स्पष्ट रूप से संघर्ष करना पड़ रहा था।एक रन के दौरान लंगड़ाने के बाद मैदान पर उपचार लेने के बाद, मोईन, जो विशेष रूप से इस एशेज श्रृंखला के लिए रिटायरमेंट से लौटने के बाद अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे हैं, ने रिटायर हर्ट होने के बजाय ऑस्ट्रेलिया के लिए लॉन्ग हैंडल लेने का विकल्प चुना और अगली नौ गेंदों में 23 रन बनाए। हैरी ब्रूक ने कहा, जाहिर तौर पर वह काफी दर्द में था...उम्मीद है कि बाद में खेल में उसकी कुछ भूमिका हो सकती है। हैरी ब्रूक, जिन्होंने इंग्लैंड के लिए 85 रन बनाए और मोईन के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे। मोईन चोटिल हो गए, ब्रुक ने कहा कि मोईन ने रिटायर हर्ट होने के बजाय बल्लेबाजी जारी रखने का फैसला किया।

ब्रुक ने पोस्ट-डे प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा,वास्तव में यह उनका निर्णय था। जैसे ही फिजियो पिच से चले गए, उन्होंने कहा क्या मुझे अभी टी ऑफ कर देना चाहिए। और मैंने कहा कि आपको शुरू से ही ऐसा करना चाहिए था। वह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर्स में से एक हैं और हमने इसे फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट और सफेद गेंद क्रिकेट में देखा है।

यदि मोइन इस टेस्ट में गेंदबाजी करने में असमर्थ हैं, तो इंग्लैंड अपने स्पिन विकल्प के रूप में जो रूट पर निर्भर करेगा, इससे पहले एजबस्टन और लॉर्ड्स में पहले दो टेस्ट मैचों में उनका भारी उपयोग किया गया था। घुटने की समस्या के कारण इंग्लैंड पहले से ही इस मैच में कप्तान बेन स्टोक्स की गेंदबाजी का उपयोग करने में असमर्थ है। इस प्रकार, उनके मुख्य गेंदबाजी संसाधन चार तेज गेंदबाजों – क्रिस वोक्स, मार्क वुड, स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन के रूप में होंगे।

## फिल्मी दुनियां

# शाहरुख खान की जवान से विजय सेतुपति का पहला लुक आया सामने, नया प्रीव्यू भी जारी




शाहरुख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जवान को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।अब निर्माताओं ने सोमवार (24 जुलाई) को जवान का नया प्रीव्यू जारी कर दिया है, जिसमें सभी कलाकार जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं, वहीं प्रीव्यू में बज रहा बैकग्राउंड म्यूजिक काफी शानदार लग रहा है।इसके साथ जवान से विजय सेतुपति का पहला लुक लुक सामने आ चुका है, जिसमें वह कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आ रहे हैं। शाहरुख ने ट्विटर पर जवान से विजय का पहला लुक साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, उसे कोई रोक नहीं रहा है...या है? ध्यान रहें। जवान का प्रीव्यू जारी।जवान का निर्देशन एटली कुमार ने किया है। ये एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है।इसमें शाहरुख के साथ साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री नयनतारा नजर आएंगी। फिल्म में विजय, सान्या मल्होत्रा और सुनील ग्रोवर भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म में विजय की भूमिका के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, हालांकि यह माना जाता है कि साउथ स्टार आगामी फिल्म में ग्रे शेड्स में नजर आएंगे। इस महीने की शुरुआत में हाल ही में रिलीज़ हुए जवान प्रीव्यू में विजय की झलक देखी गई थी। इसमें शाहरुख के किरदार को भी दिखाया गया है जो जेल में पैदा हुआ था और बड़ा होकर एक अधिकारी बनता है। दोहरी भूमिका निभाने के बारे में अटकलें तब शुरू हुईं जब प्रीव्यू में बूढ़े शाहरुख, महिलाओं की एक टीम बनाने और मेट्रो ट्रेन को बंधक बनाने पर प्रकाश डाला गया। प्रीव्यू में शाहरुख गंजे अवतार में बेकरार करके पर डांस करते हुए भी नजर आए थे, जिसने कई फैन्स का दिल जीत लिया था। यह भी एक आश्चर्य के रूप में आया जब शाहरुख खान ने एक्शन एंटरटेनर जवान के एक मनोरम दृश्य में अपने स्वयं के कदमों को कोरियोग्राफ करके अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने फिल्म में लोकप्रिय रेट्रो गीत बेकरार करके के स्टेप दिए। यह उनके चरित्र की खतरनाक ऊर्जा को सबसे शानदार तरीके से दर्शाता है, जिससे दृश्य में एक दिलचस्प परत जुड़ जाती है। एक सूत्र के मुताबिक, यह शाहरुख खान ही थे जिन्होंने बैकग्राउंड में बज रहे बेकरार करके के साथ इस विशेष सीक्वेंस में डांस स्टेप्स पेश करने का विचार रखा था। सूत्र ने खुलासा किया, उन्होंने स्टेप्स को कोरियोग्राफ करने का जिम्मा खुद उठाया, जिसने दृश्य को पूरी तरह से बदल दिया और इसे और अधिक मनोरम बना दिया। जवान रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट प्रस्तुति है, जो एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित है।

# बिग बॉस ओटीटी-2 से बाहर हुईं फलक नाज



बिग बॉस ओटीटी 2 इस हफ्ते शॉकिंग एलिमिनेशन हुआ है. इस हफ्ते होस्ट सलमान खान ने सभी दर्शकों को जबरदस्त झटका देते हुए बड़े एविक्शन का अनाउंसमेंट किया. वीकेंड का वार कई कंटेस्टेंट्स को भारी पड़ा. इस हफ्ते शो की पावरफुल खिलाड़ी फलक नाज को बाहर कर दिया गया है. जी हां इस हफ्ते बिग बॉस ओटीटी से फलक नाज एविक्ट हो गई हैं. इस एविक्शन ने उनके घर के अंदर उनके दोस्त अविनाश सचदेव को भी बड़ा झटका दिया. फलक के जाने पर अविनाश इमोशनल हो गए.इस हफ्ते आशिका भाटिया, अविनाश सचदेव, एल्विश यादव और जिया शंकर भी नॉमिनेट हुए थे, जिसके बाद सबसे ज्यादा वोट फलक को मिले. फलक का नाम बार-बार सामने आने पर सलमान खान ने फलक नाज की साइड लेते हुए कहा कि जद हमेशा कहते हैं कि उन्हें शो में नहीं रहना, जबकि फलक नाज शो में रहने की कोशिश करती हैं. फिर भी ज्यादातर लोगों ने उनका नाम लिया है.पहले किसी को भी यकीन नहीं हो रहा था कि फलक नाज बेघर हो गई हैं, लेकिन फिर दरवाजा खुलने के बाद वह चली गईं. फलक के जाने के बाद अविनाश सचदेव काफी इमोशनल हो गए और फलक से कहा प्लीज शो के बाहर मेरा इंतजार करना. अविनाश और फलक के बीच शो में काफी गहरी बॉन्डिंग देखी गई थी., अविनाश ने फलक के लिए अपने प्यार का भी इजहार किया था. हालांकि, फलक ने अविनाश के लिए अपनी फीलिंग्स कभी जाहिर नहीं की थीं.

# रॉकी और रानी के नये गाने का टीजर रिलीज, रणवीर और आलिया ने बजाया ढिंढोरा



करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जल्द रिलीज को तैयार है. फिल्म के आने से पहले मेकर्स इसको लेकर बज क्रिएट कर रहे हैं. प्रमोशन के लिए फिल्म के सॉन्ग रिलीज किए जा रहे हैं. इस बीच डायरेक्टर करण जौहर ने फिल्म के अगले गाने ढिंढोरा बाजे रे का टीजर रिलीज कर दिया है. ये गाान आज यानी सोमवार 24 जुलाई को रिलीज होगा. गाने के टीजर में ही आलिया भट्ट और रणवीर सिंह फैंस को इम्प्रेस कर लेते हैं. दोनों किसी फंक्शन में ताबड़तोड़ डांस करते नजर आ रहे हैं. ढिंढोरा बजा रे को देख आपको संजय लीला भंसाली के डांस नंबर्स की याद आ जाएगी.करण जौहर इस गाने को रिलीज करने के लिए कोलकाता जाएंगे. गाना बंगाल के फेस्टिवल दुर्गा पूजा पर आधारित है. ऐसे में रणवीर सिंह, आलिया भट्ट समेत फिल्म के स्टार्स कोलकाता में ये गाना रिलीज करने वाले हैं. फिल्म के टीजर में ही रणवीर और आलिया सुर्ख लाल रंग के आउटफिट में दुर्गा पूजा पर डांस करते नजर आ रहे हैं. पंडाल में मां दुर्गा की एक भव्य मूर्ति रखी गई है. करण जौहर ने टीजर शेयर करते हुए लिखा, प्यार बढ़ता ही जा रहा है!

# केतिका शर्मा ने पवन कल्याण के साथ एक यादगार बातचीत साझा की



युवा अभिनेत्री केतिका शर्मा पावरहाउस पवन कल्याण और साईं धर्म तेज अभिनीत आगामी सामाजिक-फंतासी कॉमेडी ड्रामा फिल्म ब्रो में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जैसा कि फिल्म 28 जुलाई को नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है, केतिका ने हाल ही में मीडिया से बातचीत की और परियोजना पर काम करने के बारे में अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि साझा की।

केतिका ने स्वीकार किया कि वह शुरू में इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता पवन कल्याण से मिलने की संभावना से घबराई हुई और भयभीत थीं। हालाँकि, उनके साथ काम करने के उत्साह ने उनकी भागीदारी के बारे में सुनते ही तुरंत फिल्म साइन कर ली। हालांकि पवन कल्याण के साथ उनका कोई संयोजन दृश्य नहीं है, केतिका को उनके साथ संक्षेप में फ्रेम साझा करने का अवसर मिला, हालांकि उन्होंने उस विशेष दृश्य के दौरान बातचीत नहीं की। उन्होंने पवन कल्याण से परिचय कराने के लिए साई धर्म तेज का आभार व्यक्त किया, जिससे एक संक्षिप्त बातचीत हुई और गर्मजोशी से स्वागत हुआ।

अपने चरित्र और संवादों के संदर्भ में, केतिका ने खुलासा किया कि फिल्म के लेखक त्रिविक्रम श्रीनिवास ने विशेष रूप से उनके लिए कुछ मजेदार और मनोरंजक संवाद तैयार किए हैं। इसके अलावा, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके किरदार को फिल्म के तमिल मूल विनोद्या सीथम में मुख्य महिला किरदार की तुलना में अधिक स्क्रीन समय दिया गया है। केतिका ने आगे कहा कि ब्रो एक महत्वपूर्ण संदेश देता है, जो एक अभिनेता के रूप में उनके लिए एक अनोखा और संतुष्टिदायक अनुभव है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com